संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार 13 अप्रैल 2026 ₹ 1 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 17 अंक: 103 पृष्ठ: 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## इस्लामाबाद वार्ता विफल, ईरान से अमेरिका का नहीं हो सका समझौता, उपराष्ट्रपति वेंस स्वदेश रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद शांति वार्ता विफल हो गई। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच करीब 21 घंटे तक बातचीत हुई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान से स्वदेश रवाना हो गए हैं। पहले यह कहा गया था कि आज भी बातचीत होगी। अमेरिका रवाना होने से पहले वेंस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए। उनकी नजर में यह अमेरिका के मुकाबले ईरान के लिए कहीं ज्यादा बुरी खबर है। इसलिए, वह बिना किसी समझौते के अमेरिका लौट रहे हैं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उपराष्ट्रपति जेडी वैंस रविवार को स्थानीय समय अनुसार सुबह 7:09 बजे एयर फोर्स टू में सवार होकर पाकिस्तान से अमेरिका के लिए रवाना हो गए। उन्होंने ईरानी अधिकारियों के साथ 21 घंटे तक चली बातचीत पूरी करने के बाद यह कदम उठाया। यह बातचीत बिना किसी समझौते पर पहुंचे ही समाप्त हो गई। जेंस ने रविवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि ईरान ने शर्तें स्वीकार न करने का फैसला



किया है। अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ़्यूरी' शुरू किए जाने के एक महीने से भी अधिक समय बाद उपराष्ट्रपति शनिवार सुबह ईरान के साथ बातचीत का नेतृत्व करने के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे।

**बुरी खबर**

**वेंस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए**

डॉन अखबार के अनुसार, वेंस ने दोनों देशों के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। वेंस ने कहा, "हम पिछले 21 घंटों से इस पर काम कर रहे हैं और हमने गंभीर चर्चा की हैं। बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं।" उपराष्ट्रपति ने कहा, "हमने यह साफ कर दिया है कि हमारे लक्ष्य क्या हैं। हमने यह भी साफ कर दिया कि ईरान की किन बातों को हम मानने को तैयार हैं। मगर ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने हमारी शर्तें मानने से इनकार कर दिया है।" वेंस संवाददाता सम्मेलन की शुरूआत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ की उन्होंने बेहतरीन मेजबान बताया।

## पश्चिम बंगाल चुनावः बंगाल में बदलाव की लहरः प्रधानमंत्री

**सभा स्थल पर पहुंचते ही प्रधानमंत्री ने लोगों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ उन्होंने बहुत कम जगहों पर देखी है, पश्चिम बंगाल में अब सत्ता परिवर्तन तय है : मोदी**

**चुनाव प्रचार**

**सिलीगुड़ी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से किया बदलाव का आह्वान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर बंगाल के प्रमुख शहर सिलीगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला और राज्य में बदलाव का आह्वान किया। रविवार दोपहर कावाखाली मैदान में आयोजित इस रैली में भारी भीड़ जुटी। सभा स्थल पर पहुंचते ही प्रधानमंत्री ने लोगों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ उन्होंने बहुत कम जगहों पर देखी है। उन्होंने दावा किया कि यह जनसमर्थन स्पष्ट संकेत है कि पश्चिम बंगाल में अब सत्ता परिवर्तन तय है।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का शासन अब समाप्त होने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में राज्य ने केवल भ्रष्टाचार और ठहराव देखा है। खासकर युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब राज्य का भविष्य उनके हाथ में है और उन्हें बदलाव के लिए आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल ने विकास के बजाय सिंडिकेट और कटमनी संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार गहराई तक फैला हुआ है और आम जनता इससे परेशान है।

प्रधानमंत्री ने उत्तर बंगाल को भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ बताते हुए क्षेत्र के विकास और रोजगार के लिए कई वादे किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर यहां की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर टुकड़े-टुकड़े गैंग से संबंध रखने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को नुकसान पहुंचाने और उत्तर-पूर्व भारत को देश से अलग करने की साजिश रची थी और तृणमूल ने उन्हें समर्थन दिया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सिलीगुड़ी कॉरिडोर देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी रक्षा व विकास भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने तृणमूल सरकार की नीति को उपेक्षा और डर की राजनीति करार देते हुए कहा कि अब जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। आगामी चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि 4 मई के बाद नई सरकार बनेगी और राज्य में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, अब डर नहीं, भरोसा चाहिए - यही भाजपा का मंत्र है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जवाब देना होगा। कड़ी धूप के बावजूद रैली में भारी भीड़ उमड़ी, जिसे भाजपा अपनी जीत का संकेत मान रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने शनिवार को पूर्व बर्धमान, मुर्शिदाबाद और दक्षिण दिनाजपुर में भी जनसभाएं की थीं।



### जबरन बंगाल पर कब्जा नहीं किया जा सकताः ममता बनर्जी

**बांकुड़ा।** रविवार को चुनावी प्रचार के दौरान बांकुड़ा के छातना में आयोजित जनसभा से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इस बार वे लोग (भाजपा) जबरन बंगाल पर कब्जा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा कभी संभव नहीं होगा। ममता बनर्जी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग कठिन समय में, खासकर एसआईआर के दौरान, उनके साथ नहीं खड़े रहे, उन्हें वोट न दें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पूरे देश में एक ही पार्टी का शासन स्थापित करना चाहती है। वे लोग डिलिमिटेशन बिल लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चुनौती दे रही हूं कि यह बिल के जरिए बंगाल को टुकड़ों में बांटने की साजिश की जा रही है। मुझे नहीं पता किस राज्य के साथ किस राज्य को जोड़ा जाएगा।

### बेंगलुरु और मुंबई के बीच शुरू होगी नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री ने सांसद पीसी मोहन को इसको मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि कर्नाटक के केएसआर बेंगलुरु स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। उम्मीद है कि अगले माह इस नई ट्रेन सेवा की शुरूआत हो सकती है। इससे दक्षिण और पश्चिम भारत के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी।



हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा गोहाना अनाज मंडी का औचक निरीक्षण करते हुए।

हेडगेवार ने एकता और आजादी के लिए संघ बनाया था

## हिंदू समाज में एकता की कमीः मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया**

**निजामाबादः** राष्ट्रीय स्वयं सेवक (संघ) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से फ्फ्र की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था। भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि



समाज के भीतर भी एक कमी थी। भागवत तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। यह गांव हेडगेवार का पैतृक गांव है। उन्होंने कहा- हममें कोई कमी थी, जिसकी वजह से हमें बार-बार हार का सामना करना पड़ा। इसलिए उस कमी को दूर करना जरूरी था। हिंदुत्व का मतलब दूसरों के साथ मिलकर रहना, अपने रास्ते पर चलना और बाकी लोगों का सम्मान करना है। फ्फ्र की प्रार्थना भी इन्हीं गुणों को दिखाती है और शाखा में आने वालों में यही संस्कार विकसित होते हैं। हेडगेवार हिंदुओं को मजबूत, निडर और अच्छा इंसान बनाने के पक्ष में थे। हेडगेवार का मानना था कि अगर इन कमियों को दूर नहीं किया गया, तो देश को बार-बार आजादी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

फ्फ्र की स्थापना किसी के खिलाफ नहीं हुई थी।

### बिहार में नई सरकार को लेकर हलचल तेजः शिवराज चौहान को बनाया पर्यवेक्षक

**पटना :** बिहार में 15 अप्रैल को नई सरकार का गठन हो जाएगा। इसको लेकर सीएम हाउस में आज बैठक होगी, इसलिए भाजपा और जदयू के विधायकों को पटना में रहने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार, मंत्रियों की संख्या और विभागों के बंटवारे को लेकर चर्चा की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक, अगले दो दिनों में सभी मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके साथ ही, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पार्टी ने बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, 57 दिन चलेगीः 28 अगस्त को खत्म होगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस साल यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे। एलजी सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र वाले यह यात्रा कर सकते हैं। गुफा में पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाएगी। यात्रा के लिए अनंतनाग से पारंपरिक 48 किमी लंबा नुनवान-पहलगाम रूट और गांदरबल से 14 किमी लंबा बालटाल रूट खुला रहेगा। सिन्हा ने बताया कि देशभर में लगभग 556 तय बैंक शाखाओं के जरिए यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है, जबकि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी होगा।

## सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती हैः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। साथ ही महिला आरक्षण कानून में बदलाव के जरिए देश को गुमराह कर रही है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। यह तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा। लेकिन बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने 6 महीने



से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। उन्होंने कहा कि ये सरकार का छिपा हुई एजेंडा है। सरकार का असल मकसद जाति जनगणना नहीं कराना है। अनुच्छेद 334-ए में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने को जनगणना और परिसीमन से जोड़ा गया है। सरकार अब इसे अलग करने की कोशिश कर रही है, ताकि इसे जल्द लागू किया जा सके।

**आरोप**

**जयराम रमेश ने कहा- महिला आरक्षण में बदलाव से देश को गुमराह किया जा रहा**

## महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र; पीएम ने सभी सांसदों क पत्र लिखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बीजेपी ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर समर्थन मांगा। पीएम ने लिखा कि अब समय आ गया है कि इस कानून को पूरे देश में सही मायनों में लागू किया जाए।

**प्रधानमंत्री ने सभी दलों को चिट्ठी लिखी**

पीएम मोदी ने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, हकीकत में बदलने का समय है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पत्र के जवाब में पत्र लिखकर कहा कि राज्य चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना यह दिखाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है। खड़गे ने यह भी मांग की कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और परिसीम से जुड़े मुद्दों पर भई विस्तार से चर्चा की जाए। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।



**व्हिप जारी**

**बीजेपी ने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया, 16-18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा**

### एजेएल प्लाट आवंटन में सीबीआई कोर्ट से हुड्डा हुए आरोप मुक्त

**चंडीगढ़।** सीबीआई की विशेष अदालत ने पंचकूला में प्रकाशन समूह एसोसिएटिड जनरल्स लिमिटेड (एजेएल) को प्लॉट आवंटित करने के मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आरोप मुक्त कर दिया है। इस मामले में पूर्व कांग्रेस नेता मोतीलाल वोहरा को भी आरोप मुक्त करार दिया गया है। वोहरा का करीब छह साल पहले निधन हो चुका है। इस मामले में सुनवाई के दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को स्वयं अदालत में पेश हुए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीबीआई कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।


ऐतिहासिक पहल | मछुआरों के कल्याण के लिए वर्तमान सरकार प्रतिबद्ध

## जलाशय मछलियों के लिए एमएसपी लागू, रॉयल्टी घटाकर 1 प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** राज्य के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने मछुआरा समुदाय के उत्थान के लिए सक्रिय और केंद्रित कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने मत्स्य क्षेत्र को मजबूत करने और मछुआरों की आजीविका सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के बजट 2026-27 की घोषणाओं के अनुरूप, मत्स्य विभाग इन पहलों को जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी कर रहा है। बाजार के उतार-चढ़ाव से



जलाशय मछुआरों की सुरक्षा, उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह कदम उठाए गए हैं। यह प्रयास सरकार की मछुआरों के कल्याण और मत्स्य क्षेत्र के सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार जलाशयों से प्राप्त मछलियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य मछुआरों को कीमतों में अनिश्चितता से बचाना और उन्हें सुनिश्चित आय प्रदान करना है। जलाशय मछलियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 100 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया गया है।

इसके अतिरिक्त, यदि नीलामी मूल्य 100 रुपये प्रति किलोग्राम से कम होता है, तो राज्य सरकार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्रति किलोग्राम अधिकतम 20 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान करेगी। इससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और सब्सिडी सीधे पात्र मछुआरों के बैंक खातों में जमा होगी। मुख्यमंत्री ने मछुआरों को एक बड़ी राहत के रूप में, जलाशयों से प्राप्त मछलियों पर रॉयल्टी दर में उल्लेखनीय कमी की घोषणा की है। प्रदेश सरकार पहले ही रॉयल्टी को 15 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत कर चुकी थी, और अब इसे वर्तमान वित्त वर्ष में घटाकर मात्र 1 प्रतिशत कर दिया गया है। इस निर्णय से 6,000 से अधिक जलाशय मछुआरों को सीधा लाभ प्राप्त होगा और उनका आर्थिक बोझ कम होगा। हिमाचल प्रदेश में पांच प्रमुख जलाशय हैं-गोबिंद सागर (बिलासपुर और ऊना), पोंग डैम (कांगड़ा), रंजीत सागर और चमेरा (चंबा), तथा कोल डैम (बिलासपुर)।

**पहल**

**इस निर्णय से 6,000 से अधिक जलाशय मछुआरों को सीधा लाभ प्राप्त होगा और उनका आर्थिक बोझ कम होगा**

# प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

**निरीक्षण**

**मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात , पार्किंग, पेयजल एवं अन्य जानकारी ली**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित देहरादून कार्यक्रम को देखते हुएरविवार को गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड एवं मां डाट काली मंदिर तक सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लया।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही, यातायात प्रबंधन की सुव्यवस्थित योजना बनाने और आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने जसवंत ग्राउंड पर मंच, दर्शक दीर्घा एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। यहां उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी की जाएं। साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री धामी मां डाट काली मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि के साथ कार्यक्रम की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सचिव शैलेश बगौली, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून प्रमेन्द्र डोभाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति ने यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत को किया सम्मानित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित आईटीआईटी, दून संस्कृति स्कूल के रजत जयंती समारोह में 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

सम्मेलन में एक तकनीकी सत्र में प्रो. पंत ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी न केवल जीवन को सरल बनाते हैं, बल्कि जनजातीय समुदायों की आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका



निभाते हैं।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर सतत विकास की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

प्रो. पंत ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं।

जनजातीय क्षेत्रों में कौशल विकास, डिजिटल सशक्तिकरण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। प्रो. पंत ने यह भी उल्लेख किया कि यदि विज्ञान को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू किया जाए, तो यह जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन ला सकता है, साथ ही राज्य के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

इस कार्यकम में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

## नए छात्रों का हर्षोल्लास के साथ किया स्वागत

**पौड़ी गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
भुवनेश्वरी स्थित ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों का प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में नए विद्यार्थियों का स्वागत ढोल-दमाऊ, शंख एवं घंटियों की पवित्र ध्वनियों तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तिलक एवं माल्यार्पण कर अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। स्कूल की समृद्ध परंपरा के अनुरूप सभी नए छात्रों का एक साथ भव्य आगमन और अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्सव की भावना से सराबोर हो उठा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम दस्तावेजः दीप्ति रावत

**अधिनियम**

**देश में विकास की धुरी अब महिलाओं को केंद्र में रखकर तय की जा रही है**





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम दस्तावेज बताते हुए कहा कि देश में विकास की धुरी अब महिलाओं को केंद्र में रखकर तय की जा रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ महिलाओं तक पहुंच रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है।

रविवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता दीप्ति रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन मिले हैं, जिससे उन्हें धुएं से मुक्त सुरक्षित रसोई मिली है। वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत करोड़ों घरों तक नल से जल पहुंचने से महिलाओं को दैनिक जीवन में बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों में महिलाओं को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और शिक्षा में बेटियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। आज महिलाएं रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग सहित हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी पर कहा कि समय के साथ इसमें वृद्धि तो हुई है, लेकिन यह अभी भी संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंची है। 1952 की पहली लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी लगभग 5 प्रतिशत थी, जो हाल के वर्षों में बढ़कर करीब 14झ15 प्रतिशत तक पहुंची है। राज्यसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 17 प्रतिशत के आसपास है,जबकि राज्य विधानसभाओं में यह औसतन केवल 9 प्रतिशत है। इसके विपरीत, पंचायतों और नगर निकायों में 33 से 50 प्रतिशत आरक्षण लागू होने के बाद महिलाओं की भागीदारी लगभग 46 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो यह दशार्ता है कि आरक्षण राजनीतिक सहभागिता बढ़ाने में प्रभावी साबित हुआ है।

दीप्ति रावत ने ह्लनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व को लोकतंत्र का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए सभी दलों से इसे समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह कानून संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को 33 प्रतिशत से अधिक तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**न्यूज फ्लैश**

## हर्ष चौधरी और तरुषी डोभाल बने मिस्टर एवं मिस उत्तराखंड 2026

**देहरादून** । मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड 2026 का ग्रैंड फिनाले देहरादून के होटल रेजेंटा में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया, जिसमें राज्यभर से प्रतिभागियों और दर्शकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को माया देवी यूनिवर्सिटी द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा हिमालयन बज ने धर्मा क्रिएशन के सहयोग से आयोजित किया।

तरुषी डोभाल को मिस उत्तराखंड 2026 का ताज पहनाया गया, जबकि हर्ष चौधरी ने मिस्टर उत्तराखंड 2026 का खिताब अपने नाम किया और शाम के शीर्ष प्रतिभागी बनकर उभरे। वहीं वंशिता कांडपाल और लोकपाल पोखरियाल को क्रमश, मिस उत्तराखंड मॉडल ऑफ द ईयर और मिस्टर उत्तराखंड मॉडल ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।

रनर-अप श्रेणी में नेहा महारा और प्रकाश राणा प्रथम रनर-अप घोषित हुए, जबकि शिवम भट्ट और लता कोरंगा ने द्वितीय रनर-अप का स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में पूरे उत्तराखंड से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें देहरादून और हल्द्वानी में आयोजित ऑडिशन के माध्यम से 36 फाइनलिस्ट चुने गए। प्रतिभागियों ने प्रोफेशनल ग्रूमिंग सेशंस में भाग लिया और विभिन्न सब-कॉन्टेस्ट्स के जरिए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान कई सब-टाइटल्स और पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

निर्णायक मंडल में कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं, जिनमें क्षितिज डोभाल (संस्थापक, उनहु), तुषार शाही (मिस्टर उत्तराखंड 2026), राहुल गुप्ता (संस्थापक, वास्तुकार एसोसिएट्स ), सीमा कश्यप और लावण्या आहूजा (संस्थापक, फ्रॉन्ट्रो कुटूर ), साथ ही रेस्टोरेंट व्यवसायी अनीशा विरमानी और अनिरुद्ध रैथवान (संस्थापक, आर होटल्स ) शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान माया देवी यूनिवर्सिटी की उपाध्यक्ष डॉ. त्रिप्ती जुयाल सेमवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्थान की भविष्य की योजनाओं और ऐसे मंचों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## धामों पर यात्रियों की संख्या सीमित न करने पर तीर्थ पुरोहितों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**देहरादून**
राज्य सरकार ने उत्तराखंड के चारों धामों में यात्रियों की संख्या सीमित न करने के निर्णय पर चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों, पुजारियों, हितधारकों, चार धाम होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंसियों एवं विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इन सभी ने मुख्यमंत्री से धामों के कपाट खुलने के अवसर पर आमंत्रित भी किया।

रविवार को चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों, पुजारियों, हितधारकों, चार धाम होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंसियों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और धामों पर यात्रियों की संख्या सीमित न करने के निर्णय के लिए आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए चार धाम यात्रा को और अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सभी मतूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी को सहभागी बनने की अपील की।मुख्यमंत्री से चार धाम यात्रा से जुड़े संगठनों ने कहा कि सरकार का यह निर्णय प्रदेश की आस्था, अर्थव्यवस्था तथा पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# रोबोटिक सर्जरी और रक्षा तकनीक में भारत की बड़ी उपलब्धि

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत में आयोजित तीसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशियल्टी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेंस ( एसएमआरएससी) 2026 के दौरान अत्याधुनिक चिकित्सा और रक्षा तकनीकों की ऐतिहासिक झलक देखने को मिली। इस अवसर पर एसएस इनोवेशंस इंटरनेशनल ने दो क्रांतिकारी तकनीकों प्रोजेक्ट विमाना और प्रोजेक्ट ऑपेरियन का अनावरण किया जो भविष्य की सर्जिकल और आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली को नई दिशा देने वाली मानी जा रही हैं।

तीन दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के 1500 से अधिक डॉक्टरों और 250 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेली-सर्जरी और मोबाइल ऑपरेटिंग प्लेटफॉर्म जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर चर्चा की गई। इस दौरान एसएसआई मंत्रा-3 और मंत्रासना के माध्यम से 15 लाइव टेली-सर्जरी और 14 लाइव सर्जरी का सफल प्रदर्शन किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर देश-दुनिया के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ जैसे डॉ. नरेश त्रेहान, डॉ. संगीता रेड्डी, डॉ. फ्रेडरिक मोल, मधुसूदन साई और डॉ. मायलस्वामी अन्नादुरई भी मौजूद रहे।

युद्धक्षेत्र में सर्जरी की नई तकनीक झ प्रोजेक्ट विमानाः सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि प्रोजेक्ट विमाना का अनावरण रहा। यह एक क्रांतिकारी बैटलफील्ड सर्जिकल सिस्टम है जिसे भारी क्षमता वाले स्वायत्त ड्रोन के जरिए युद्धक्षेत्र या आपात स्थिति वाले स्थानों तक पहुंचाया जा सकता है। इस सिस्टम में दो अत्याधुनिक 7-डिग्री फ्रीडम वाले मिनिएचर रोबोटिक आर्म्स लगाए गए हैं, जिनकी मदद से विशेषज्ञ ट्रॉमा सर्जन दूर बैठे हुए गंभीर रूप से घायल सैनिकों का ऑपरेशन कर सकते हैं। यह तकनीक रक्तस्राव नियंत्रण, छाती का डीकंप्रेशन, शरीर में फंसे धातु के टुकड़े निकालने और घाव की मरम्मत जैसे जीवनरक्षक उपचार तुरंत उपलब्ध कराने में सक्षम है।

मोबाइल ऑपरेटिंग रूम का भविष्य झ प्रोजेक्ट ऑपेरियनः सम्मेलन में प्रोजेक्ट ऑपेरियन भी प्रस्तुत किया गया, जो एक पूरी तरह मोबाइल और प्लेटफॉर्म-एग्नोस्टिक ऑपरेटिंग रूम सिस्टम है। इसे अस्पतालों, दूरदराज के इलाकों और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आसानी से तैनात किया जा सकता है।

ओवरहेड-इंटीग्रेटेड रोबोटिक्स और जीरो-फुटप्रिंट आर्किटेक्चर से लैस यह प्रणाली डॉक्टरों को 360 डिग्री एक्सेस, रियल-टाइम कॉन्फिगरेशन और टेली-सर्जरी की सुविधा प्रदान करती है। इससे विशेषज्ञ सर्जन दूर बैठे हुए भी मरीजों का ऑपरेशन कर सकते हैं।

## गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत हुए कई कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पौड़ी गढ़वाल**
भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलाया गया ह्यगांव चलो बस्ती चलोह्व अभियान जनपद के सभी 14 मंडलों में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए गए।

इस अभियान के अंतर्गत बड़ी विधानसभा क्षेत्रों में 50-50 गांवों तथा छोटी विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 गांवों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में नए प्रवेश संख्या में बढ़ोतरी

**हल्द्वानी /टीम एक्शन इंडिया**
शीतकालीन सत्र जनवरी 2026 के दौरान उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश संख्या में एक बार फिर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष कुल प्रवेश संख्या 39,436 तक पहुंच गई, जो वर्ष 2025 के 33,501 के मुकाबले लगभग 6,000 अधिक है। नए प्रवेशों की संख्या भी बढ़कर 6,608 हो गई है, जो पिछले वर्ष 5,358 थी।

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में आई गिरावट के बाद 2026 में प्रवेश का रुझान फिर से सकारात्मक दिशा में लौट आया



है। वर्ष 2021 से 2024 तक लगातार वृद्धि के बाद आई कमी अब समाप्त होती दिखाई दे रही है और प्रवेश संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसका श्रेय विश्वविद्यालय परिवार, अध्ययन केंद्रों, क्षेत्रीय कार्यालयों, निदेशकों, समन्वयकों और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों सहित मीडिया को दिया। उन्होंने कहा कि सतत प्रयास, भौतिक संपर्क अभियान और मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए प्रचार-प्रसार का यह सकारात्मक परिणाम है।

उन्होंने यह भी कहा कि समाज में दूरस्थ शिक्षा के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है और विश्वविद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पूर्व सैनिकों का त्याग-अनुशासन ही भारत की सुरक्षा की नींव हैः त्रिवेन्द्र

**समारोह**

**श्री गुरु मंडल आश्रम में वार्षिक समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि पूर्व सैनिक कल्याण समिति द्वारा श्री गुरु मंडल आश्रम में वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों ने भी देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह में नई ऊर्जा भर दी। इस अवसर पर उन्होंने वीर नारियों को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। रावत ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैंकृउनका त्याग, समर्पण और अनुशासन भारत की सुरक्षा और शक्ति की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज देश के सैनिकों को वह सम्मान और सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिनके वे वास्तविक हकदार हैं, जिससे सेना और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनी है।

उन्होंने कहा कि एक जनसेवक के रूप में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान, कल्याण एवं सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनकी प्रतिबद्धता रही है। देवभूमि उत्तराखंड को वीरों की भूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां लगभग हर परिवार का संबंध राष्ट्र सेवा से जुड़ा है, ऐसे में पूर्व सैनिकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि गौरव भी है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत रवींद्र पुरी एवं महंत जसविंदर सिंह कोठारी शास्त्री सहित संत समाज के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका समिति को मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा ने भी अपने आशीर्वचन प्रदान किए।

इस दौरान समिति में नए सदस्यों का पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया, वहीं वरिष्ठ पूर्व सैनिक दंपतियों को माला एवं शॉल ओढ़ाकर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की गई।

# 'पूर्ण गुरू' के दरबार की सेवा शिष्य को पूर्णता' प्रदान करती है : भारती

**देहरादून।** दुर्लभ मनुष्य जीवन में ईश्वरीय उपलब्धि को सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कार्य सदा से दिव्य गुरू के आधीन रहा है। दिव्य गुरू द्वारा ईश्वरीय राह में एक भक्त को नियम पूर्वक साधना-सुमिरन के साथ-साथ सत्संग और गुरू के दर्शनों सहित सेवा को भी अत्यंत आवश्यक बताया गया है। सेवा जहां एक ओर शिष्य के भीतर से अहंकार का नाश करती है वहीं दूसरी ओर ईश्वर की तरफ आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। पूर्ण गुरू के पावन दरबार की निष्काम सेवा ईश्वर की प्राप्ति कराकर एक साधक को ह्यपूर्णताह्व प्रदान किया करती है। तभी कहा भी गया-

ह्यह्यकरत सेव होत निष्कामी,
ताको प्रापत होत हैं स्वामी

इन सदविचारों को आज ह्यदिव्य ज्योति जाग्रति संस्थानह्व की निरंजनपुर स्थित शाखा के आश्रम सभागार में ह्यसदगुरूदेव आशुतोष महाराजह्व की शिष्या तथा देहरादून आश्रम की प्रचारिका साध्वी विदुषी सुभाषा भारती जी के द्वारा असंख्य भक्त-श्रद्धालुगणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवसर था, रविवारीय साप्ताहिक सत्संग-प्रवचनों तथा मधुर भजन-संर्कीतन के कार्यक्रम का। भजनों की अविरल धारा के दिव्य प्रवाह में संगत करतल ध्वनि के साथ गोते लगाती रही। भजनों की विस्तृत व्याख्या करते हुए मंच का संचालन साध्वी जाह्नवी भारती जी के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि जीवन में जब गुरू की कृपा बरसती है तो इसे नापा नहीं जा सकता है। यही कृपा मुनष्य को सीधे ईश्वर तक पहुंचा देती है। ईश्वर एक समुद्र के समान हैं और गुरू बादलों के सदृश हुआ करते हैं। समुद्र से सीधे जल लेकर अपनी प्यास नहीं बुझाई जा सकती, भले ही समुद्र में अथाह जलराशि हुआ करती है, लेकिन उसका जल खारा होने के कारण पीने योग्य नहीं होता। गुरू रूपी बादल उसी जल को अपने भीतर वाष्प के रूप में संजोकर जब बरसते हैं तब वह जल सर्वथा पीने योग्य हो जाता है। यह है गुरू कृपा, जो कि बरसने पर यह नहीं देखती कि वह कहां बरस रही है। खेतों में, खलिहानों में, रेगिस्तान में या फिर उसी खारे समुद्र में ही। जल से भरे हुए बादलों की तो यह विवशता है कि उन्हें तो बरसना ही होता है। यही है गुरू की ह्यअहैतुकी कृपाह्व।

अपने सत्संग विचारों को गति प्रदान करते हुए साध्वी सुभाषा भारती जी ने आगे कहा कि इतिहास साक्षी है कि पूर्ण गुरू के दरबार में स्वयं देवी-देवता भी सेवा करने के लिए लालायित रहा करते हैं। तीन प्रकार से गुरू की सेवा होती है। तन-मन-धन के द्वारा जब शिष्य सेवा करता है तो तन की सेवा से उसका तन स्वच्छ तो होता ही है साथ ही अनेक प्रकार के रोगों-कष्टों का भी निदान यह सेवा किया करती है।

मन की सेवा गुरू का चिंतन-भजन और साधना-सुमिरन तथा सत्संग के रूप में होती है। गुरू के लक्ष्य में प्रतिबद्धता की इस सेवा से मन के विकार और समस्त दोषों से भी मुक्ति प्राप्त होती है। धन की सेवा से धन पवित्र हो जाता है। जब जीवात्मा के पास आवश्यकता से अधिक धन आ जाए तो उसे दान के रूप में प्रयुक्त किए जाने पर जीव बुरी आदतों से बचा रह सकता है।

# सुंदरियाल को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**पौड़ी गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद सुंदरियाल को मैजिक बुक ऑफ आर्ट यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा है। यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य समारोह में उनको यह सम्मान दिय्या गया। फरीदाबाद में आयोजित सम्मान समारोह में देश के अन्य शिक्षाविदों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान एवं आध्यात्मिक चेतना की आत्मा है और इसे जीवंत बनाए रखने में ऐसे विद्वानों





की भूमिका अमूल्य है। मानद उपाधि लेते हुए अनसूया प्रसाद सुंदरियाल ने कहा कि यह सम्मान उनके व्यक्तिगत प्रयासों का नहीं, बल्कि समस्त गुरुजनों, सहयोगियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है और यह विद्यालय परिवार के सहयोग से ही सम्भव हो पाया।

उन्होंने संस्कृत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराया। कहा कि गुरुकुल परंपरा, अनुशासन, संस्कार एवं समर्पण ही वास्तविक शिक्षा की पहचान हैं। और इन्हीं मूल्यों के आधार पर




# उत्तर भारत

ACTION INDIA

देहरादून, 13 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com




# राजनाथ सिंह ने किया उत्तर प्रदेश विधानसभा के संग्रहालय का अवलोकन

उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं को नए रूप में जानने-समझने का अवसर मिला। परिसर में स्थापित ऑडियो-विजुअल संग्रहालय ने इसकी विरासत को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह अनुभव सचमुच मेरे लिए स्मृतियों की एक विशेष यात्रा रहा: राजनाथ सिंह

**विशेषताओं से**

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राजनाथ सिंह को संग्रहालय की विशेषताओं से अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा परिसर में बने ऑडियो-विजुअल संग्रहालय का अवलोकन किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राजनाथ सिंह को संग्रहालय की विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं को नए रूप में जानने-समझने का अवसर मिला। परिसर में स्थापित ऑडियो-विजुअल संग्रहालय ने इसकी विरासत को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह अनुभव सचमुच मेरे लिए स्मृतियों की एक विशेष यात्रा रहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण और जन-जागरूकता के लिए निरंतर सराहनीय प्रयास कर रही है। प्रदेशवासियों से आग्रह है कि वे एक बार इस संग्रहालय का अवश्य भ्रमण करें। इस पहल के लिए मैं उत्तर प्रदेश सरकार, विशेष रूप से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को हार्दिक बधाई देता हूँ।





## पर्यटन के नक्शे पर चमकेगा गोरखपुर का टेराकोटा गांव, पर्यटन विभाग ने शुरू किया काम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर के भटहट क्षेत्र का गांव औरंगाबाद पर्यटन के नक्शे पर भी खूब चमकेगा। टेराकोटा शिल्प के लिए प्रसिद्ध इस गांव को पर्यटन विभाग स्पेशल टूरिस्ट विलेज (विशेष पर्यटन गांव) के रूप में विकसित कर रहा है। विभाग ने टेराकोटा गांव औरंगाबाद के पर्यटन विकास के लिए एक करोड़ रुपये की कार्ययोजना बनाई है। इस कार्ययोजना को पूर्ण करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था, सीएंडडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) को दी गई है। टेराकोटा गांव में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत 96.29 लाख रुपये



में से पहली किस्त के रूप में 67 लाख रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। पर्यटन विकास की इस परियोजना में गेट कॉम्प्लेक्स, विद्युत कार्य और साइनेज के कार्य कराए जाएंगे। औरंगाबाद गांव के पर्यटन विकास से गोरखपुर के प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्प की वैश्विक पटल पर ब्रांडिंग भी मजबूत होगी। गोरखपुर के टेराकोटा शिल्प से बने उत्पादों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में शामिल कर इसे नई पहचान दिलाई है। सरकार का प्रोत्साहन मिलने से टेराकोटा उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री खुद कई मंचों से इसकी ब्रांडिंग कर चुके हैं।

## मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने आशा भोसले के निधन पर जताया दुख

**श्रद्धांजलि**

आशा भोसले ने 92 साल की उम्र में रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुर साम्राज्ञी आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान को याद किया और बड़ी क्षति बताया। बॉलीवुड की दिग्गज गायिका और दिवंगत लता मंगेशकर की बहन आशा भोसले ने 92 साल की उम्र में रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। निधन से उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गयी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रख्यात गायिका आशा भोंसले के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि भारतीय संगीत जगत की स्वर-साम्राज्ञी, महान सुर-साधिका, 'पद्म विभूषण' आशा भोसले जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनके मधुर स्वर सदैव देश वासियों के मन में गूंजते रहेंगे।

प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति और शोकाकुल परिजनों एवं प्रशंसकों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें. ॐ शांति!

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जताया शोक**

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दौरे पर आओ भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रख्यात गायिका आशा भोंसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि भारत की सुर साम्राज्ञी आशा भोसले का निधन मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पार्श्व गायिका के रूप में उन्होंने हजारो फिल्मों एवं संगीत एल्बम्स में अपनी आवाज दी। उनके गाये हुए गीतों को भारत की कई पीढ़ियों ने सुना और गुनगुनाया है। उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। आशा भोसले जी का निधन संगीत और जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# पटना मुख्यमंत्री आवास में बैठकों का दौर जारी, ललन सिंह पहुंचे पटना

**हलचल**

बैठक के दूसरे दिन ही नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग खाली कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** पिछले दो महीने से बिहार की राजनीति में मची हलचल अब अपने अंतिम मोड पर पहुंचने वाली है,क्योंकि मुख्यमंत्री आवास पर बैठकों का दौर लगातार जारी है। साथ ही जदयू-भाजपा के सभी विधायकों को पटना बुलाया गया है। बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी पटना पहुंचे। शनिवार को दिल्ली में भी



भाजपा के वरीय नेताओं की मीटिंग हुई। बीते दिन भी मुख्यमंत्री आवास में जदयू नेताओं के साथ नीतीश कुमार ने बैठक की। बैठक के दूसरे दिन ही नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग खाली कर दिया और 7 सर्कुलर रोड में शिफ्ट हो गये। इसके बाद से ही नये मुख्यमंत्री और उनकी इस्तीफे की चर्चा ने जोर पकड़ लिया। रविवार सुबह सुबह 12 घंटे के अंतराल में दूसरी बार सम्राट चौधरी सीएम आवास पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अहम बातचीत हो रही है। दिल्ली में शनिवार को अमित शाह, विनोद तावड़े और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंथन किया था।

## तीन सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट कर अपराधियों ने 18 लाख रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** नोएडा में साइबर अपराधियों ने रेलवे से रिटायर्ड अधिकारी को अपने जाल में फंसाकर मनी लांड्री का भय दिखाकर उन्हें तीन सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट करके उनसे 18 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि रविवार को थाना साइबर क्राइम में तिरुमले नाम्बी निवासी ग्रेटर नोएडा वेस्ट ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी उम्र 69 वर्ष है। वह रेलवे से रिटायर्ड अधिकारी हैं। 12 मार्च को उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात साइबर अपराधियों का फोन आया। उन्होंने कहा कि वह मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी हैं और आपके आधार कार्ड का प्रयोग करके केनरा बैंक में खाता खुलवाया गया है, जिसका एटीएम कार्ड मनी

**जांच जारी**

तिरुमले नाम्बी निवासी ग्रेटर नोएडा वेस्ट ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी उम्र 69 वर्ष है।

लांड्रिंग के केस में पकड़े गए एयरलाइन संचालक नरेश गोयल के घर में मिला है। आरोप है कि आपके खाते में मनी लांड्री से संबंधित धनी राशि आई है। इसमें आपका नाम आया है, इसलिए आपसे पूछताछ की जाएगी। इस बात से बुजुर्ग व्यक्ति भयभीत हो गए। उन्होंने उनके बताए अनुसार कार्य करना शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार तीन सप्ताह तक आरोपितों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके रखा।

## दीदी के बखरी से बदल रही तस्वीर : कांकेर में महिला किसानों की आय में क्रान्तिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कांकेर जिले में बिहान योजना के तहत महिलाओ के आजीविका मे वृद्धि हेतु सभी स्तर पर विभिन्न प्रयास किये जा रहे है । जिले में काफी संख्या मे दीदीयां अपने जीवन स्तर मे में सुधार के लिए आय मूलक गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं ।अपनी आय दुगुनी करने के लिए एकीकृत कृषि के साथ अन्य लाइवलिहुड एक्टिविटी कर रही है इसमें अपने घर के बखरी (बाड़ी) में व्यावसायिक रूप से सब्जी -भाजी लगाकर उसको बाजार में बिक्री कर अपने आय मे वृद्धि कर रही है ,साथ मे मछली पालन,मुगीर्पालन, बकरी पालन व वनोपज संग्रहण कर रही है। इस प्रकार से एकीकृत कृषि जिले के चार विकासखंड नरहरपुर, कांकेर, भानुप्रतापपुर, चारामा में



संचालित है, जिसमें प्रत्येक संकुल के चार गांव को लिया गया है। योजना का उद्देश्य महिला किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है जिससे उनकी औसत आय प्रतिमाह बीस से पच्चीस हजार तक पहुंच जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में यह योजना ज़िले में सुचारु रूप से संचालित हो रही है,यह योजना "दीदी के बखरी" नाम से संचालित है । विकासखण्ड नरहरपुर में 1200, कांकेर में 790, चारामा में 734 एवं भानुप्रतापपुर में 640 इस प्रकार कुल 3364 महिला किसानों द्वारा सब्जी बाड़ी, पोषण वाटिका, मुर्गी पालन, वनोपज संग्रहण, मछली पालन इत्यादि गतिविधियां की जा रही हैं।

## बिहार : जाली दस्तावेजों के खेल पर सख्त प्रहार, सिस्टम के भीतर से ही शिकंजा कसने की कवायद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार में भू-माफिया और जाली दस्तावेजों के खेल पर अब सख्त प्रहार की तैयारी है। सिस्टम के भीतर से ही शिकंजा कसने की कवायद तेज हो गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि फर्जी कागजात के जरिए जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।

उन्होंने फील्ड अधिकारियों को स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई करनी होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने बताया कि पिछले दो महीनों से पूरे राज्य में अभियान चलाकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। मुजफ्फरपुर, सारण और पूर्णिया सहित सभी प्रमंडलों में बैठकों के दौरान साफ कर दिया गया है कि जहां भी जाली दस्तावेज पकड़े जाएं, वहां संबंधित अंचल अधिकारी तुरंत मुकदमा दर्ज करें और दोषियों पर कार्रवाई करें।

## नेलांगुर में हर घर पहुंचा नल जल, दूर हुई पेयजल समस्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के सीमावर्ती ग्राम नेलांगुर में अब विकास की नई तस्वीर उभरने लगी है। महाराष्ट्र सीमा से लगे इस पूर्व अतिसंवेदनशील गांव में पहली बार घर-घर नल से पानी पहुंचना शुरू हुआ है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव महसूस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित होने के बाद अब विकास कार्यों ने भी गति पकड़ ली है। कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के



तहत इस दूरस्थ गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था शुरू की गई है। सोलर पंप के माध्यम से जल स्रोत से पानी उठाकर पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे बिजली पर निर्भरता कम हुई है और निर्बाध जल आपूर्ति संभव हो सकी है। जिला मुख्यालय नारायणपुर से लगभग 52 किलोमीटर दूर स्थित नेलांगुर के ग्रामीण लंबे समय से पेयजल संकट झेल रहे थे, लेकिन अब उनकी समस्या का समाधान होने से ग्रामीणों के लिए यह पहल राहत भरी साबित हो रही है। विशेष रूप से महिलाओं को अब दूर-दूर तक पानी लाने की परेशानी से मुक्ति मिली है। गांव में जल

**जल आपूर्ति**

जल जीवन मिशन के तहत शुरू हुई जल आपूर्ति, 52 किमी दूर स्थित गांव को मिली बड़ी राहत

आपूर्ति शुरू होने से लोगों के दैनिक जीवन में सहजता आई है और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है। नेलांगुर में जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाएं अब दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं।

## बीजापुर में विकास की नई दस्तक: मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास से बदल रही 224 गांवों की तस्वीर



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** लंबे समय तक नक्सल प्रभाव के कारण विकास से अछूते रहे बीजापुर जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में अब बदलाव की बयार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। नियद नेल्लानार योजना और मनरेगा के संयुक्त प्रयासों से उन गांवों तक विकास की पहुंच बनी है, जहां दशकों तक नक्सल प्रभाव के कारण बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई थीं। अब इन क्षेत्रों में रोजगार, आवास, पेयजल, शिक्षा और आजीविका के अवसरों का विस्तार हो रहा है, जिससे लोगों के जीवन में ठोस परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

बीजापुर जिले में नियद नेल्लानार योजना के तहत 42 सुरक्षा कैम्पों के माध्यम से 67 ग्राम पंचायतों के 224 गांवों को शामिल किया गया है। इस पहल में मनरेगा की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे के निर्माण को गति मिली है, जिससे ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम और अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

**16 हजार से अधिक परिवारों को रोजगार का सहारा**

इन ग्रामों में अब तक 16,671 जॉब कार्ड पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें से 7,271 नए जॉब कार्ड बनाए गए हैं। इससे हजारों परिवारों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें 966 आत्मसमर्पित नक्सली, 178 घायल पीड़ित परिवार और 477 मृतक नक्सल पीड़ित परिवारों के जॉब कार्ड बनाकर उन्हें मनरेगा योजना से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका का आधार मिल रहा है।

**पहली बार दिखा विकास का व्यापक असर**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत नियद नेल्लानार क्षेत्रों में 1,744 विकास कार्य कराए गए हैं, जिनके माध्यम से 5 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित हुए हैं। इन कार्यों के जरिए न केवल स्थानीय स्तर पर ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार मिला है, बल्कि पलायन में भी कमी आई है।

### निवेश में बड़ी छलांग के साथ एक सूत्र में पिरो रही है विविधतापूर्ण देश को

## समूचे देश को जोड़कर सबसे गरीब और दूरदराज के देशवासियों की सेवा कर रही है भारतीय रेल

**सेवा**

2025-26 में रिकॉर्ड 6000 किलोमीटर लंबे रेलवे विस्तार को मंजूरी मिली; पिछले वर्ष की तुलना में 114 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** देश के अंतिम छोर को जोड़कर और सबसे गरीब तथा वंचित क्षेत्रों की सेवा करते हुए, भारतीय रेल, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एक परिवर्तनकारी विस्तार कर रही है। समावेशी विकास और राष्ट्रीय एकीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए, वित्त वर्ष 2025-26 में नई लाइनों,



दोहरीकरण, मल्टी-ट्रैकिंग और अन्य कार्यों से जुड़ी 100 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। यह अभूतपूर्व प्रयास बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से विविध राष्ट्र को एकजुट करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, साथ ही एक उच्च-क्षमता वाले और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क की नींव भी रख रहा है। इन परियोजनाओं में कुल 1.53 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जो 6,000 किलोमीटर से अधिक के रेलवे नेटवर्क को कवर करता है। यह रेलवे विस्तार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में, जहाँ 72,869 करोड़ रुपये की लागत वाली 64 परियोजनाओं (2,800 किलोमीटर से अधिक) को मंजूरी दी गई थी, इस बार परियोजना की स्वीकृतियों में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, रूट कवरेज में 114 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है और वित्तीय प्रतिबद्धता में 110 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। मंजूर की गई 100 परियोजनाओं में नई लाइनें, दोहरीकरण और मल्टी-ट्रैकिंग के काम, साथ ही बाईपास लाइनें, फ्लाईओवर और कॉर्ड लाइनें शामिल हैं। इनका रणनीतिक उद्देश्य भीड़भाड़ वाले मार्गों को खाली करना, समय की पाबंदी में सुधार करना और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है, साथ ही उन क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी का विस्तार करना है जहाँ अभी तक पर्याप्त सुविधाएँ नहीं पहुँची हैं। इन पहलों से पूरे नेटवर्क में परिचालन दक्षता में काफी सुधार होने और यात्रा के समय में कमी आने की उम्मीद है। ये परियोजनाएँ लगभग सभी प्रमुख राज्यों में फैली हुई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का संतुलित और समावेशी विस्तार सुनिश्चित होता है। महाराष्ट्र (17 परियोजनाएँ), बिहार (11), झारखंड (10) और मध्य प्रदेश (9) प्रमुख फोकस राज्यों के रूप में उभरे हैं, क्योंकि माल ढुलाई गलियारों, औद्योगिक कनेक्टिविटी और यात्रियों की माँग में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन क्षेत्रों में निवेश का पैमाना यात्री और माल ढुलाई, दोनों ही सेवाओं को काफी हद तक बेहतर बनाने वाला है। महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में इन परियोजनाओं से माल ढुलाई गलियारों को मजबूती मिलेगी, औद्योगिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों की आवाजाही में सुधार होगा। ये राज्य भारत के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की रीढ़ हैं और यहाँ बेहतर कनेक्टिविटी होने से पूरी अर्थव्यवस्था में व्यापक लाभ होगा। पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, ये परियोजनाएं केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को सक्षम बनाती हैं। जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर मुख्य ध्यान दिया गया है।

## संपादकीय

# तुम बहुत बोल चुके, अब मैं बोलूंगी

**बहुप्रतीक्षित** महिला आरक्षण आ गया है। केन्द्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी। भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं। भारतीय समाज में स्त्रियां, पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में आपः मातरम-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है। ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम- द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिन्धु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है। विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे। यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रद्रष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था कि, यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?, सृष्टि किस आधार पर खड़ी है। याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, जल पर। गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, जल किसमें आधारित हैं? फिर पूछा गया कि, इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# बाबा साहब अम्बेडकर की विरासत को संजोती भाजपा



संजय सक्सेना

> "डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि यह बिल जल्द पारित हो, लेकिन संसद में इसका कड़ा विरोध हुआ और सरकार ने इसे आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई। इससे वे अत्यंत निराश हुए, क्योंकि वे इसे सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम मानते थे।डॉ. अंबेडकर का मानना था कि नेहरू सरकार सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। वे चाहते थे कि दलितों और महिलाओं के अधिकारों को प्राथमिकता दी जाए, लेकिन उन्हें लगा कि सरकार इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रही। डॉ. अंबेडकर के कई मामलों में जवाहरलाल नेहरू जी से मतभेद थे"

**सुरेन्द्र शर्मा**

भारत के इतिहास में ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने अपने विचारों, संघर्ष और कार्यों से समाज की दिशा बदल दी। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर ऐसे ही महान पुरुष थे। वे न केवल भारतीय संविधान के निमार्ता थे, बल्कि सामाजिक समानता, न्याय और मानव अधिकारों के प्रबल समर्थक भी थे। उनका जीवन संघर्ष, ज्ञान और परिवर्तन का अद्भुत उदाहरण है। बचपन से ही उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने धैर्य रखा और जीवन की गति में प्रगति करते रहे। शिक्षा को उन्होंने जीवन श्रेष्ठ बनाने का माध्यम माना उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो। यह उनका प्रसिद्ध नारा था, जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया। उनका मानना था कि सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। स्वतंत्र भारत के निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्हें संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उनके नेतृत्व में भारत का संविधान तैयार हुआ, जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित है।

भारतीय संविधान में उन्होंने सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए और छुआछूत जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए कानूनी प्रावधान किए। वे भारत के पहले कानून मंत्री भी बने। उनके प्रयासों से महिलाओं और कमजोर वर्गों को भी अधिकार मिले। डॉ. अंबेडकर ने संविधान में समानता को विशेष महत्व दिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त हों। उनके प्रयासों से संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया, विशेष रूप से उन्होंने अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए अनुच्छेद 17 का प्रावधान किया, जो एक ऐतिहासिक कदम था। डॉ. अंबेडकर सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था का समर्थन किया, ताकि उन्हें शिक्षा, रोजगार और राजनीति में समान अवसर मिल सके। यह उनके सामाजिक सुधार के दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा था। उन्होंने भारत को एक संघीय (ऱ्रीिं१") ढांचे के साथ संसदीय लोकतंत्र देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का संतुलन बनाए रखने के लिए उन्होंने स्पष्ट प्रावधान किए।

उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत में जनता द्वारा चुनी गई सरकार हो, और शासन जनता के प्रति उत्तरदायी रहे। डॉ. अंबेडकर ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाया, ताकि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को भी संविधान में स्थान दिलाया। समानता, संपत्ति के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया। वे महिलाओं के सशक्तिकरण के समर्थक थे। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी धर्मों को समान सम्मान मिले और किसी भी नागरिक के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव न हो। उनकी दूरदृष्टि के कारण भारतीय संविधान में लचीलापन और कठोरता दोनों का संतुलन रखा गया। उन्होंने संविधान को ऐसा बनाया जो समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुसार संशोधित किया जा सके। डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान केवल एक विधिवेत्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक सुधारक और राष्ट्रनिमार्ता के रूप में भी था। उन्होंने संविधान के माध्यम से एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहाँ समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आदर्श स्थापित हों। बाबा साहब अम्बेडकर का योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं था, बल्कि भारत की आर्थिक और वित्तीय व्यवस्था के विकास में भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में उनके विचारों और शोध का गहरा प्रभाव माना जाता है।

बाबा साहब अम्बेडकर ने जवाहर लाल नेहरू जी के मंत्रिमंडल से 1951 में इस्तीफा दिया। उनका यह निर्णय अचानक नहीं था, बल्कि कई गहरे वैचारिक मतभेदों और असंतोष का परिणाम था। डॉ. अंबेडकर के इस्तीफे का सबसे बड़ा कारण हिंदू कोड बिल था। यह बिल महिलाओं को संपत्ति, विवाह, तलाक और उत्तराधिकार में समान अधिकार देने के लिए बनाया गया था। डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि यह बिल जल्द पारित हो, लेकिन संसद में इसका कड़ा विरोध हुआ और सरकार ने इसे आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई। इससे वे अत्यंत निराश हुए, क्योंकि वे इसे सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम मानते थे।डॉ. अंबेडकर का मानना था कि नेहरू सरकार सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। वे चाहते थे कि दलितों और महिलाओं के अधिकारों को प्राथमिकता दी जाए, लेकिन उन्हें लगा कि सरकार इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रही। डॉ. अंबेडकर के कई मामलों में जवाहरलाल नेहरू जी से मतभेद थे, जैसे आर्थिक नीतियों को लेकर असहमति,कश्मीर नीति पर भिन्न विचार,विदेश नीति और प्रशासनिक दृष्टिकोण पर अंतर,इन मतभेदों के कारण वे स्वयं को सरकार में असहज महसूस करने लगे। कानून मंत्री होने के बावजूद डॉ. अंबेडकर को कई महत्वपूर्ण निर्णयों में पर्याप्त भूमिका नहीं मिल रही थी।इससे उन्हें लगा कि वे अपने विचारों और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू नहीं कर पा रहे हैं। डॉ. अंबेडकर सिद्धांतों के व्यक्ति थे। वे सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता करने के लिए तैयार नहीं थे। जब उन्हें लगा कि उनके मूल उद्देश्यों को पूरा नहीं किया जा रहा है, तो उन्होंने पद छोड़ना उचित समझा। डॉ. भीमराव अंबेडकर का इस्तीफा उनके सिद्धांतों, सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और सुधारवादी दृष्टिकोण का प्रतीक था। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण उनके लिए समाज में समानता और न्याय की स्थापना थी। उनका यह कदम भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटना माना जाता है, जो यह दशार्ता है कि वे अपने आदर्शों के लिए किसी भी पद को त्याग सकते थे।

नेहरू मंत्रिमंडल से अलग होकर बाबा साहब अंबेडकर ने 1952 के आम चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव बॉम्बे से लड़ा वे इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नारायण काजोलकर से चुनाव हार गए। काजोलकर पहले डॉ. अंबेडकर के सहयोगी रह चुके थे, जवाहर लाल नेहरू ने उन्हें बाबा साहब अम्बेडकर के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया और स्वयं नेहरू जी उनके प्रचार में गए इसलिए यह हार और भी उल्लेखनीय मानी जाती है।

इसके बाद 1954 में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने एक उपचुनाव (भंडारा लोकसभा सीट से) भी लड़ा, लेकिन वहाँ भी उन्हें सफलता नहीं मिली। हालाँकि वे चुनाव हार गए, लेकिन उनकी राजनीतिक और बौद्धिक शक्ति कम नहीं हुई। बाद में 3 अप्रैल 1952 को पहली बार वह राज्यसभा के सदस्य बने यहां भी कांग्रेस उनके विरोध में खड़ी रही पर शेड्यूल कास्ट फेडरेशन और कुछ निर्दलीय सदस्यों के समर्थन से वह निर्वाचित हो सके और विचारों के माध्यम से देश की नीतियों को प्रभावित करते रहे।



# तीर्थ स्थलों पर कुप्रबंधन खतरे में श्रद्धालुओं की जान

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**अभी** बिहार के नालंदा के देवी मंदिर धर्मस्थल पर भगदड़ में नौ श्रद्धालुओं की मौत का मामला ठंडा भी नही हुआ कि उत्तर प्रदेश के बड़े तीर्थ स्थल मथुरा के निकट वृंदावन में नाव हादसे का बेहद दुखदायी हादसा सामने आया है, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई है और अभी कुछ लापता भी हैं। आए दिन कभी पवित्र नदियों के स्नान पर्व पर कभी मंदिरों में दर्शन अवसर पर तो कभी तीर्थ यात्रा और तीर्थ स्थलों कभी शोभा यात्रा पुरी रथयात्रा रामलीला मेलों या गणेश मूर्ति विसर्जन के मौके पर हो रहे हादसों में सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान जा रही है हर हादसे के बाद जांच की खाना पूर्ति की जाती है हर बार प्रबंधन की खामियां प्रशासन की लापरवाही सामने आती है लेकिन कोई बदलाव नहीं आता इससे पहले अगला हादसा हो जाता है। आपको बता दें वृंदावन एक ऐसा तीर्थ स्थल है, जहां लाखों ही लोग जाते हैं। यहां भगवान कृष्ण जी ने अपना बचपन गुजारा। उनका जन्म मथुरा में हुआ। वृंदावन में सैकड़ों मंदिर हैं। यमुना के किनारे बसा होने के कारण यहां अनेक ही घाट हैं। यहां भगवान कृष्ण की याद में बना बांके बिहारी मंदिर लगातार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना रहता है। पंजाब से भी कुछ दर्जन श्रद्धालु यहां गए थे और लुधियाना, मुक्तसर एवं जगराओं के लगभग 37 श्रद्धालु यमुना में एक मोटर बोट पर सवारी कर रहे थे। गहरे पानी में बने पाटून पुल जिसे अब हटाया जा रहा था, से श्रद्धालुओं की नाव टकरा गई, जिस कारण यह हादसा हो गया, परन्तु नजदीक के नाव वालों और गोताखोरों ने इनमें से कई व्यक्तियों को बचा लिया। इससे पहले भी देश भर में ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए पूरे प्रबन्ध न किये जाने के कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं जिनमें बड़ी संख्या में लोग शिकार हो जाते हैं। इस तरह के प्रत्येक बड़े हादसे के बाद विशेष रूप से मेलों और धार्मिक स्थलों पर एकत्रित हुए श्रद्धालओं संबंधी पुख्ता प्रबन्ध करने की योजनाएं बनाई जाती हैं। इन प्रबन्धों का कुछ प्रभाव भी पड़ता है। फिर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा इन प्रबन्धों में त्रुटियां रह जाने के कारण या प्रबन्धकों की लापरवाही के कारण ऐसे दुखद हादसे घटित हो जाते हैं। ऐसा कुछ न घटित हो, इसकी ज़िम्मेदारी संबंधित राज्यों पर भी आती है। उनकी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि वे प्रत्येक पक्ष से सचेत होकर प्रबन्ध करें, जिनसे श्रद्धालुओं की बड़ी से बड़ी संख्या को भी नियंत्रित किया जा सके, ताकि ऐसे हादसे न घटित हों। यमुना नदी की सैर करते हुए अथवा यहां एक से दूसरे स्थान पर नावों द्वारा जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन को सचेत होने की जरूरत है। जिस समय यह हादसा घटित हुआ, उस समय मोटर बोट में 31 श्रद्धालु थे।

## विचार

# सुरों की बारिश थम गई, आशा फिर भी भीगती रही

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानो उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों—जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो। बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहाँ अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म चुनरिया के गीत सावन आया से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरूआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरूआत एक ऐसी सशक्त आवाज का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी। उनके करियर में सफलता और ऊँचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। तीसरी मंजिल का आजा आजा, हरे राम हरे कृष्णा का दम मारो दम और उमराव जान का दिल चीज क्या है भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया। व्यक्तिगत जीवन में आशा भोसले ने कई संघर्षों का सामना किया, जिसने उन्हें सशक्त बनाया। कम उम्र में विवाह, पारिवारिक असहमति और बाद में वैवाहिक अलगाव ने उनके जीवन को प्रभावित किया, फिर भी बच्चों—हेमंत, वर्षा और आनंद—की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने संगीत से दूरी नहीं बनाई। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। बहन लता मंगेशकर के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन संगीत ने उन्हें हमेशा जोड़े रखा। उन्होंने आशा नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म माई से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है। आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, गजल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुँचा। ये मेरा दिल जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं लगान जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के ब्रिमफुल ऑफ आशा और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज ने भारतीय संगीत की सीमाएँ लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं। जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और यूट्यूब के माध्यम से नई पीढ़ी से सीधा संवाद स्थापित किया।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत ( 9837313943)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
actionindiaddn@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# इलाज या कारोबार? सफेद कोट के पीछे का सच

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**हाल** ही में सामने आई एक युवा डॉक्टर की कहानी ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। कैमरे के सामने आकर उसने जिस साहस के साथ अपनी नौकरी छोड़ने का कारण बताया, वह केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उसने कहा कि उस पर दबाव डाला जाता था कि अधिक से अधिक मरीजों को भर्ती किया जाए—चाहे उनकी स्थिति गंभीर हो या नहीं। इतना ही नहीं, कई बार मरीजों को आवश्यकता से अधिक समय तक आईसीयू में रखा जाता था, ताकि अस्पताल का बिल बढ़ सके। यह सुनने में जितना चौंकाने वाला है, उससे कहीं अधिक चिंताजनक है। क्योंकि स्वास्थ्य सेवा कोई साधारण सेवा नहीं है; यह विश्वास, जिम्मेदारी और नैतिकता पर आधारित एक संवेदनशील क्षेत्र है। जब इसी क्षेत्र में मुनाफाखोरी और अनैतिक प्रथाएँ जगह बनाने लगती हैं, तो इसका प्रभाव सीधे मानव जीवन पर पड़ता है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पहले से ही कई चुनौतियों से घिरी हुई है—सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी, और निजी अस्पतालों में महँगी इलाज व्यवस्था। ऐसे में आम नागरिक अक्सर निजी अस्पतालों की ओर रुख करता है, इस उम्मीद में कि वहाँ बेहतर और त्वरित इलाज मिलेगा। लेकिन यदि वहीं उसे अनावश्यक भर्ती, बेवजह जाँच और बढ़े हुए बिलों का सामना करना पड़े, तो यह न केवल आर्थिक बोझ बनता है, बल्कि मानसिक रूप से भी उसे तोड़ देता है। इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या चिकित्सा अब सेवा नहीं, बल्कि एक व्यवसाय बनती जा रही है? क्या डॉक्टरों पर भी ऐसे दबाव बनाए जा रहे हैं, जो उन्हें उनके पेशे की मूल भावना से दूर कर देते हैं? यह समझना जरूरी है कि हर डॉक्टर या हर अस्पताल इस तरह की गतिविधियों में शामिल नहीं होता। आज भी देश में हजारों डॉक्टर ऐसे हैं, जो सीमित संसाधनों के बावजूद पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ मरीजों का इलाज करते हैं। लेकिन कुछ संस्थानों की गलत नीतियाँ और लालच पूरे पेशे की छवि को धूमिल कर देते हैं। डॉक्टर द्वारा उठाया गया यह कदम—नौकरी छोड़ना—आसान नहीं होता।

# आज भी क्यों प्रासंगिक हैं महाप्रभु वल्लभाचार्य

पवन वर्मा

महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के शुद्धाद्वैत और पुष्टिमार्ग के सिद्धांत, जो अनुभाष्य और सुबोधिनी जैसे ग्रंथों में मिलते हैं, उसका भाव यही है कि भक्ति में आडंबर नहीं, भाव होना चाहिए वल्लभाचार्य जी की यह विचारधारा , आज भी उनकी जयंती पर पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो चुकी है। जब समाज दिखावे, प्रतिस्पर्धा और बाहरी सफलता के दबाव में उलझा हुआ है, तब वल्लभाचार्य जी का यह संदेश सीधे सवाल खड़ा करता है कि क्या हम सच में भीतर से संतुष्ट हैं, या सिर्फ बाहर से सफल दिखने की कोशिश कर रहे हैं?

वल्लभाचार्य ने भक्ति को कर्मकांडों और जटिल विधियों से मुक्त कर एक ऐसे मार्ग की स्थापना की, जिसमें ईश्वर तक पहुंचने के लिए किसी विशेष वर्ग, जाति या संसाधन की आवश्यकता नहीं थी। उनका पुष्टिमार्ग इसी सोच का विस्तार है, जहां भगवान को पाने का रास्ता प्रेम, सेवा और समर्पण से होकर जाता है। यह विचार आज इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आधुनिक समाज में आध्यात्मिकता भी धीरे-धीरे एक प्रदर्शन का माध्यम बनती जा रही है। भव्य आयोजन, महंगे अनुष्ठान और सोशल मीडिया पर दिखावा।

ऐसे समय में वल्लभाचार्य जी का यह आग्रह कि ईश्वर को पाने के लिए मन की सच्चाई जरूरी है, साधनों की भव्यता नहीं, हमें आत्ममंथन के लिए मजबूर करता है। यह सोच केवल धार्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में लागू होती है। आज रिश्तों में भी हम अक्सर दिखावे और औपचारिकता में उलझ जाते हैं, जबकि असली जरूरत सच्चे भाव और विश्वास की होती है।

वल्लभाचार्य जी का जीवन भी इसी सिद्धांत का प्रमाण है। उन्होंने पूरे भारत में भ्रमण कर लोगों को सरल भाषा में भक्ति का अर्थ समझाया। उन्होंने यह नहीं कहा कि भगवान को पाने के लिए जंगलों में जाना होगा या कठिन तपस्या करनी होगी, बल्कि उन्होंने गृहस्थ जीवन को ही भक्ति का केंद्र बना दिया। यह एक क्रांतिकारी विचार था, जिसने आम लोगों के लिए आध्यात्मिकता के दरवाजे खोल दिए।

# चीका में बारदाने की कमी की शिकायत पर डीसी अपराजिता ने लिया कड़ा संज्ञान

**निर्देश**

इंस्पेक्टर व एक आढ़ती को कारण बताओ नोटिस के निर्देश, मंडी का निरीक्षण,



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
गुहला चीका। चीका अनाज मंडी में बारदाने की कमी की शिकायत पर डीसी अपराजिता ने कड़ा संज्ञान लेते हुए खाद्य एवं पूर्ति विभाग के संबंधित इंस्पेक्टर और एक आढ़ती को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने स्पष्ट कहा कि अनाज मंडियों में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी के निदेशों के बाद खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिन्द्र सिंह, अन्य अधिकारियों के साथ चीका अनाज मंडी पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस पर खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक ने मौके पर ही अधिकारियों से जानकारी लेकर तुरंत बारदाना का समुचित वितरण सुनिश्चित करवाया। साथ ही लापरवाही पाए जाने पर संबंधित इंस्पेक्टर व एक आढ़ती के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा निर्धारित समय में जवाब तलब किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मंडियों में पारदर्शी और व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा किसानों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने भी मंडी का दौरा कर आढ़तियों व किसानों की समस्या को सुना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करके समाधान करवाया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**लापरवाही पर नोटिस जारी किया:** डीएफएससी ने कहा कि घर पर बारदाने की शिकायत की जांच में पाया गया कि मंडी प्रधान ने सभी आढ़तियों को बारदाना बांटने की जिम्मेदारी ले ली थी, जिस पर इंस्पेक्टर ने उसे बारदाना दे दिया। परंतु प्रधान जगह उपलब्ध न होने के कारण बारदाना अपने घर ले गया।

बारदाना अब सभी आढ़तियों में बंटवा दिया है। आढ़तियों को अब कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि बेशक बारदाना बंट गया है, फिर भी ऐसे एक जगह रखना गलत है, इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। लापरवाही करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के

**खिलाफ होगी कार्रवाई:** डीसी अपराजिता ने कहा कि पूरे जिले की मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से चल रही है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश भी दिए गए हैं कि गेहूं खरीद का मामला हो या फिर बारदाना आदि का कोई मामला हो, इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। आढ़तियों व किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए।

**बारदाने की नहीं है कोई भी कमी:** इस बीच आढ़ती दिनेश कुमार, प्रगट सिंह, नरेंद्र कुमार, मांगे राम, कर्म चंद व अन्य आढ़तियों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बारदाना, सही रूप से उपलब्ध करवाया जा रहा है। मंडी में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं। अधिकारियों व कर्मचारी द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। किसानों को फसल बेचने में भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आ रही है। मंडी में फसल खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

# गेहूं के सीजन में अनाप शनाप शर्तें थोपने से यह साबित हो गया कि भाजपा किसान विरोधी पार्टी

**बातचीत**

आज मंडियों में किसान, आढ़ती व मजदूर सभी परेशान हैं और भ्रष्टाचार का बोलबाला ह



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गेहूं खरीद के चालू सीजन में अनाप शनाप शर्तें थोपने से यह स्वतः ही साबित हो गया कि भाजपा पार्टी किसान विरोधी है।

उक्त शब्द आज किसान भवन चीका में गुहला इनैलो प्रधान बलकार बल्लू ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि गेहूं का सीजन शुरू होने से पहले इनैलो सुप्रीमो प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को मिले थे और बायोमैट्रिक, ट्रैक्टर का नम्बर, ट्रैक्टर के साथ किसान का फोटो, खरीद व उठान आदि समस्याओं को लेकर विरोध जताया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इनैलो सुप्रीमो को विश्वास दिलवाया था कि सभी शर्तों पर पुनर्विचार किया जाएगा और किसान को किसी बात की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी परंतु मुख्यमंत्री अपने वायदे से पीछे हट गए, जिसके चलते इनैलो ने हरियाणा की मंडियों में उक्त शर्तों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया। इनैलो नेता ने कहा कि भाजपा ने कुछ समय पहले तीन काले कानून लागू कर दिए थे परंतु जब सरकार के खिलाफ किसान डटकर खड़े हो गए, तो भाजपा को काले कानून वापिस लेने पड़े। उन्होंने कहा कि आज मंडियों में किसान, आढ़ती व मजदूर सभी परेशान हैं और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की भी सुविधा नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अफसरशाही पर उतर आए हैं, जिसके चलते टेंडर प्रक्रिया भी प्रभावित हुई नतीजतन अभी तक बिकी हुई गेहूं का लदान भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इनैलो पार्टी किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ डटकर खड़ी है और किसी भी सूरत में पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के ही खिलाफ नहीं है बल्कि आढ़तियों के भी खिलाफ है और उनका व्यापार ठप करने के लिए उतारू है। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार ने आढ़तियों के लाइसेंस भी रिन्यू करने से इन्कार कर दिया था परंतु जब इनैलो ने दबाव बनाया, तो मौके पर जाकर लाइसेंस रिन्यू किए गए और वो भी मात्र छह महीने के लिए रिन्यू किए हैं।

# जब तक सरकार अग्निशमन कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं करती, तब तक जारी रहेगी हड़ताल: धन्ना राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगर पालिका कर्मचारी शाखा चीका व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा घोषित की गई प्रदेशव्यापी हड़ताल के पांचवे दिन अग्निशमन विभाग ब्लाक गुहला व सीवन के कर्मचारी मौजूद रहे। आज की हड़ताल की अध्यक्षता नगर पालिका यूनियन ब्लाक कैशियर धन्नाराम ने की और मंच का संचालन विजय सिंह ने किया। सभी कर्मचारी दमकल केंद्र कार्यालय गुहला में हड़ताल पर बैठे। आज की हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ ब्लाक गुहला के प्रधान पवन शर्मा समर्थन देने के लिए विशेष रूप से पहुंचे। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए धन्ना राम ने कहा कि आज हड़ताल का पांचवा दिन है,



लेकिन सरकार का कर्मचारियों के हित की ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि हड़ताल पर बैठे कर्मचारी सरकार को बताना चाहते हैं कि जब तक सरकार फरीदाबाद केमिकल फैक्ट्री में आग बुझाते समय शहीद हुए कर्मचारी भविचंद शर्मा तथा रणवीर सिंह को शाहिद का दर्जा नहीं देती, एक करोड़ रूपया आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी का प्रबंध नहीं करती, तब तक हड़ताल यूं ही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग में लगे पे-रोल के कर्मचारियों को लगभग बीस-बीस साल हो गए हैं और इसी तरह एचकेआरएनएल में लगे कर्मचारी भी कई साल से कार्यरत हैं, लेकिन इनका और इनके परिवार का भविष्य अंधकार में है और न ही 6 साल से पे-रोल कर्मचारियों की सैलरी बड़ी है। कर्मचारी नेता पृथ्वीराम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से शहीद साथी कर्मचारी को 30 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है और परिवार के सदस्य को एचकेआरएनएल के द्वारा नोकरी देने की बात कही है, लेकिन यह कर्मचारियों को मंजूर नहीं है क्योंकि मात्र घोषणा सरकार की तरफ से कोई आदेश नहीं है

# नहर पुल के पास से 16 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 12 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : अपराध शाखा-1 की टीम ने पांजूपुर नहर पुल के पास से 16 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शादीपुर निवासी इल्ताफ के रूप में हुई है। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेकर बरामदगी की और आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले टीम ने 113 ग्राम हेरोइन के साथ मायापुरी निवासी शुभम उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि वह फिरोजाबाद निवासी इखलाख से नशा लाकर सप्लाई करता था। पुलिस ने इखलाख को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# तीनों अनाज मंडियों में हुई करीब 80 हजार क्विंटल गेहूं की आवक



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 12 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : रादौर अनाज मंडी में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है।

मार्केट कमेटी के मंडी सुपरवाइजर मनोज कुमार ने बताया कि रादौर, जठलाना व गुमथला मंडियों में अब तक 79568 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है, जबकि जठलाना में 5439 व गुमथला राव अनाज मंडी में 10727 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसके साथ ही उठान कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी फसल को साफ व सुखाकर ही मंडी में लाएं, ताकि तुरंत खरीद व समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। वहीं, उन्होंने बताया कि रादौर अनाज मंडी में मंडी में किसानों की सुविधा के लिए अटल मजदूर कैंटीन के माध्यम से 10 रुपये में भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

## न्यूज फ्लैश

### गुहला थाना के अंतर्गत क्षेत्र में अनैतिक कार्य करवाने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार प्रमोद भार्गव

**गुहला चीका।** गुहला थाना के अंतर्गत क्षेत्र में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीर भान द्वारा करते हुए दूसरे आरोपी सलेमपुर निवासी दर्शन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 अप्रैल को थाना गुहला प्रबंधक पीएसआई शनेष कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि डेरा भाग सिंह क्षेत्र में एक मकान में बाहर से महिलाओं को बुलाकर अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान मकान से तीन महिलाएं व तीन पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले। पूछताछ में महिलाओं ने स्वीकार किया कि डेरा भाग सिंह गुहला निवासी सुमन द्वारा उन्हें देह व्यापार के लिए बुलाया गया था, जहां ग्राहकों से पैसे लेकर अनैतिक कार्य करवाया जाता था। सूचना मिलते ही डीएसपी मुख्यालय बीर भान भी अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज करके आगामी जांच डीएसपी बीर भान द्वारा करते हुए महिला आरोपी डेरा भाग सिंह गुहला निवासी सुमन को गिरफ्तार कर लिया गया था। उक्त जगह दर्शन की थी, जिसने अनैतिक कार्य करवाने के लिए सुमन को जगह उपलब्ध करवाई गई थी। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### पंचकूला में अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम में जिला कैथल से हजारों लोग करेंगे शिरकत: सुरेंद्र वाल्मिकी

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कैथल की ओर से अनुसूचित जाति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला के सभी पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रधान सलिन्द्र वाल्मीकि ने की। बैठक में अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों को अवगत करवाया गया कि हरियाणा सरकार एवं संगठन द्वारा महापुरुषों की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाती हैं, जिनमें अंबेडकर जयंती एक विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम है। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरेंद्र वाल्मीकि ने बताया कि इस वर्ष 14 अप्रैल 2026, दिन मंगलवार को परेड ग्राउंड, पंचकूला में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के लोकप्रिय नेता नायब सिंह सैनी उपस्थित रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी करेंगे। उन्होंने सभी को पंचकूला कार्यक्रम में भाग लेने का न्यौता भी दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को जिले के सभी मुख्य अंबेडकर स्मारकों पर डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा प्रत्येक बूथ स्तर पर उनकी जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, प्रदेश अध्यक्ष एससी मोर्चा हरियाणा सत्य प्रकाश जरावता तथा जिला कैथल भाजपा अध्यक्षा ज्योति सैनी से विचार-विमर्श कर सभी बूथों पर कार्यक्रमों की विस्तृत योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि कल 13 अप्रैल को जिला के सभी अंबेडकर स्मारकों की सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा दीप उत्सव के माध्यम से उन्हें सजाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मुख्य रूप से महिलाओं की सहभागिता रहेगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला यात्राएं एवं स्कूटी यात्राओं सहित अनेक विशेष आयोजन किए जाएंगे, जबकि सभी कार्यकर्ता व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने दावा किया कि जिला कैथल से सैकड़ों कार्यकर्ता पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# बलाना में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सेवा समिति ब्राह्मण सभा बलाना में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया जिसमें ब्राह्मण समाज पंडित मोहन लाल अत्रि की अध्यक्षता में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह भगवान परशुराम से आशीर्वाद प्राप्त करने एवम् ब्राह्मण समाज और गांव बलाना की सुख समृद्धि के लिए राम चरित मानस का पाठ किया और हवन किया गया । ग्रामीण आँचल से पूर्व सरपंच प्रतिनिधि डा चेतन सिंह, सुनील वत्स, अशोक शर्मा, मोहन लाल शर्मा, डा रिंकू शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, रविन्द्र शर्मा, हन्नी शर्मा, संजीव शर्मा, मिंटू शर्मा, प जागे राम शर्मा, जनक राज शर्मा, कपिल शर्मा, बाबहेड़ी के साथ साथ विश्व ब्राह्मण संघ हरियाणा से चैयरमैन श्री जय भगवान शर्मा महासचिव सुरेन्द्र वत्स व ब्राह्मण सभा के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।श्री रजनीश अत्री ने सभी ब्राह्मण समाज का पटके पहना कर स्वागत किया । महिला मंडल द्वारा कीर्तन किया गया जिसमें भगवान परशुराम जी का भजनों द्वारा गुणगान किया गया ।अटूट भंडारे का आयोजन किया शांति पाठ के साथ समरोह संपन्न हुआ

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी एचपीवी वैक्सीन : हरविंद्र

**वॉकथॉन**

स्वास्थ्य व विकास के लिए जागरूकता जरूरी आईएमए की ओर से वॉकथॉन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि स्वास्थ्य के साथ-साथ विकास और व्यवस्था के प्रति भी लोगों का जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार की ओर से लॉन्च की गई एचपीवी वैक्सीन बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी। बेटियों को इसे समय पर लगवाना चाहिए।




हरविंद्र कल्याण आज आईएमए की स्थानीय इकाई की ओर से आयोजित वॉकथॉन के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से वॉकथॉन का आयोजन करनाल क्लब से सिविल अस्पताल तक किया गया। इसमें आईएमए के सदस्यों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। हरविंद्र कल्याण ने महत्त्वपूर्ण पहल के लिए आयोजकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाने के लिए पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने वैक्सीन लॉन्च की थी। वॉकथॉन के आयोजन के पीछे सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने से उनके बेहतर परिणाम सामने आते हैं। समाज में विकास व व्यवस्थाओं की मजबूती के साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। जीवन में जब नागरिक जागरूक होकर आगे बढेंगे तो निश्चित रूप से उनकी सामाजिक कार्यों में भागेदारी बढ़ेगी। इससे समाज व राष्ट्र को फायदा होगा। आईएमए के प्रधान डा. सलील गुप्ता ने कहा कि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सरकार ने जो पहल की है, उसका एसोसिएशन समर्थन करती है। देश से हर साल एक से डेढ़ लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर से जान चली जाती है। एक छोटे से प्रयास से इन्हें बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन का कोई दुष्प्रभाव नहीं है।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि बेटियों को सुरक्षा प्रदान करने व उन्हें स्वस्थ रखने के लिए सरकार की पहल का वे स्वागत करती हैं। बेटियों से आह्वान किया कि वे समय पर वैक्सीन लगवाएं। सरकार विकास के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान दे रही है। वॉकथॉन में नर्सिंग विद्यार्थियों के अलावा जेसीआई एजिल, जेसीआई करनाल ई-लाईट, भारत विकास परिषद सूरज शाखा, माधव शाखा, जेसीआई करनाल, वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट, रोटरी क्लब, एनआईएफ के सदस्यों ने भी भाग लिया।

# पांच कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** घरौंडा के विशाल भक्ति जागरण मंडल की ओर से आज वहां के एसडी मंदिर में पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विशाल भक्ति जागरण मंडल के प्रधान हरबंस लाल ने बताया कि मंडल हर साल जागरण कार्यक्रमों के दौरान आई चढ़ावा राशि से गरीब कन्याओं की शादी कराता है। इससे पहले 164 लड़कियों की शादी कराई जा चुकी है। परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को जरूरी घरेलू सामान भी



उपलब्ध कराया गया। आज जिन पांच कन्याओं का वैदिक रीति से विवाह कराया गया, उनमें से चार घरौंडा क्षेत्र से और एक करनाल से है। विवाह से पूर्व मंडल की ओर से उनकी आयु की तसदीक गांव के सरपंच अथवा मौजिज लोगों से कराई गई है। हरविंद्र कल्याण ने ऐसे शुभ आयोजन के लिए विशाल भक्ति जागरण मंडल के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में समाज के संपन्न लोगों को सहयोग करना चाहिए। यह एक पुण्य कार्य है। उन्होंने नव जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जागरण मंडल की ओर से प्रत्येक जोड़े को मां की मूर्ति, मां की चुनरी, एलईडी टीवी, डबल बेड, बिस्तर, रजाई, बिछौना, चादर, कंबल, दो तकिये, डबल बेड कंबल, दो कुर्सी, मेज, अलमारी, चांदी सेट, लडकी के लिए सूट, साड़ी, वर के लिए दो पेंट-शर्ट, दोनों के लिए घड़ी, लेडिज पर्स, श्रृंगार दान, 6 प्लेट, 6 कटोरी, 12 चम्मच, 6 गिलास, कढ़ाई, कड़छी, जग, लोटा, चूड़ा सेट, सिलाई मशीन, संदूक, तौलिया, चकला बेलन और प्रेस दी गई।

इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष लवी चुघ, मीडिया प्रभारी सन्नी बजाज, संदीप, भाजपा नेता पुरूषोतम सेठी, प्रेम नारंग आदि मौजूद रहे।

**जन सुनवाई कार्यक्रम**

इससे पहले मधुबन पुलिस अकादमी के नजदीक कल्याण फार्म पर जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने हलके के विभिन्न गांवों में आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने उनके सम्मुख गांवों के विकास संबंधी कुछ सामूहिक मांगें भी रखीं, जिन पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया गया।

गांव खोरा खेड़ी के लोगों ने कल्याण से सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य पूरा कराने, सिख समुदाय की चौपाल में लंगर हॉल का निर्माण कराने, गांव की गलियां पक्की कराने और श्मशान घाट में शेड बनवाने की मांग रखी। इसी प्रकार गांव लालूपुरा में पशु अस्पताल का नया भवन, गलियां व वाल्मीकि चौपाल बनवाने, बजीदा ड्रेन से खेतों का रास्ता बनवाने, गांव बरसत व घरौंडा में बिजली के खंभे शिफ्ट करवाने की मांग की गई।

# पशुपतिनाथ मंदिर निर्माण कार्य को लेकर सदस्यों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** स्थित जैन कॉलेज रोड़ हीरा नगर श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला में मंदिर निर्माण कार्य को लेकर सभी अधिकारीयों एवं सदस्यों की बैठक प्रदेश चेयरमैन दीपक वोहरा की अध्यक्षता में नेपाली समुदाय की विशाल बैठक ली गई।

संस्था चेयरमैन दीपक वोहरा ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी के सहयोग से तेजी से मंदिर का कार्य चल रहा है लेकिन आज की बैठक मंदिर निर्माण कार्य व पंचमुखी शिवलिंग को लेकर रखी गई है जिसमें सभी



सदस्यों की सहमति से पंचमुखी शिवलिंग एवं मंदिर निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण होगा 'संस्था मुख्य सदस्य हेमलता बहन ने कहा की मंदिर निर्माण कार्य में अंबाला वासी बढ़ चढ़ कर करे अपना योगदान ' संस्था सह सचिव रजनी रानी ने बताया की हीरा नगर के लोगों के लिए खुशी की बात है हमारे नेपाली समुदाय के प्रधान दीपक वोहरा व अधिकारीयों की रेख-देख में पिछले एक वर्ष से मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और नेपाली समुदाय के लोगों ने कहा की चेयरमैन दीपक वोहरा द्वारा लिए गए निर्णय में संस्था के सभी सदस्यों की सहमति है और बाल्यकाल से ही दीपक वोहरा समाजिक कार्यों में सबसे आगे रहते है '

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री ने 51 लाख, कैबिनेट मंत्री व सांसद ने दी 11-11 लाख रुपए की राशि : गुरनाम सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह एवं सावित्री बाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंज के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचकर सहयोग करने पर सभी का आभार व्यकत किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सैनी समाज सभा को 51 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व सांसद नवीन जिंदल ने सैनी समाज सभा को 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा का संदेश पहुंचाया। सैनी समाज सभा की तरफ से मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री व सांसद का आभार व्यक्त किया।

### हरियाणा रोडवेज की बसों की जा रही है लगातार चैकिंग: शेर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला परिवहन अधिकारी शेर सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन मुख्यालय के निदेर्शानुसार हरियाणा रोडवेज की बसों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी कड़ी में पिपली चौक पर दिल्ली से चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाली बसों को चैक किया गया तथा इसमें यात्रा कर रहे सवारियों की टिकट भी चैक की गई। उन्होंने बताया कि करीब 20 बसों को टीम द्वारा चैक किया गया। इस टीम में इन्चार्ज ईश्वर सिंह, एसआई कृष्ण कुमार, इंस्पेक्टर राम कुमार, गुरनाम और महिन्द्र शामिल थे। टीम ने चेकिंग के दौरान 1 हजार रुपए बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों को जुमार्ना लगाया तथा उन्हें कहा कि भविष्य में टिकट लेकर ही यात्रा करे। जिला परिवहन अधिकारी शेर सिंह ने कहा कि यात्रियों के टिकट चैक करने के अलावा यह भी चैक किया गया कि रोडवेज की बस पिपली चौक पर ना खड़ी हो, जिससे की यातायात बाधित होता है। चालक और कंडक्टर को बताया गया कि बस रोकने के लिए निर्धारित स्थान बनाया गया है। इसके अलावा बस ओवरलोड नहीं होनी चाहिए, जितनी सीटें है उतने ही यात्री बस में यात्रा कर सकते है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन मुख्यालय के निदेर्शानुसार हरियाणा रोडवेज की बसों की लगातार चेकिंग की जाती है और बस में जो यात्री बिना टिकट के पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि टिकट लेकर ही यात्रा करे तथा बस में स्वच्छता का भी ध्यान रखे।

# जाट सेवा संघ छोटूराम धाम जसिया की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

## राज्य प्रधान भूपेंद्र सिंह जागलान ने चौधरी छोटूराम धाम की प्रगति को लेकर दी जानकारी

**चर्चा**

- चौधरी छोटूराम धाम में चल रहे विकास कार्यो और शिक्षण संस्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई




**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत के आर्य नगर में रविवार को जाट सेवा संघ छोटूराम धाम जसिया की जिला स्तरीय बैठक टेकराम दहिया के आवास पर हुई। बैठक में पानीपत जिला के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में चौधरी छोटूराम धाम में चल रहे विकास कार्यों और शिक्षण संस्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। टेकराम दहिया एवं उनके साथियों ने सभी राष्ट्रीय व राज्य पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरज्ञान मलिक व राज्य प्रधान भूपेंद्र सिंह जागलान ने चौधरी छोटूराम धाम की प्रगति, एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स बारे अवगत करवाया। उन्होने जिला पानीपत के लोगों को छोटूराम थाम से जुड़े रहने की अपील करते हुए आर्थिक सहयोग की अपील की। जिला पानीपत से एडवोकेट वेदपाल कादियान, राज सिंह आर्य इसराना, रिटायर्ड प्रिंसिपल लाभ सिंह कादियान, प्रदीप मलिक लेक्चरार, किसान नेता सोनू मालपुरिया, राजविंद्र आंतिल, विजय धौंचक बिंझौल, आजाद सिंह मलिक, दिलावर सिंह धौंचक, सुबे सिंह व रणधीर जागलान आदि ने छोटूराम धाम के विकास और समाज की एकता व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की बात कही। छोटूराम धाम की तरफ से मिटिंग में हरज्ञान मलिक राष्ट्रीय अध्यक्ष, कैप्टन भूपेन्द्र जागलान प्रदेश अध्यक्ष, रामकिशन कुंडु प्रदेश सचिव, कर्मबीर घनघस सोनीपत, कर्म सिंह हुड्डा रोहतक, मास्टर हिम्मत, शीलक राम, धर्मबीर मलिक, बलवान सिंह खटकङ, रामभज हुड्डा व ओमप्रकाश हुड्डा आदि मौजूद रहे। मंच संचालन सूबेदार रणधीर जागलान ने किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह कादियान सिवाह, रणबीर सिवाह, पवन पलड़ी, दलबीर बांध, सतबीर दिवाना, मेहर सिंह, कुलदीप आदियाना, ऋषिपाल नांदल जाटल, दिनेश पूठर, जसबीर मान, छोटूराम भवन इसराना प्रधान देवेंद्र जागलान, राजबीर नौल्था, जगत मलिक पाथरी, हरि सिंह डाहर, दयानंद भापरा, रामपत नैन, रमेश पानू परढाना, रामचंद्र लठवाल, सुभाष नांगल खेड़ी, दिनेश कुमार महराणा, दयानंद कुंडू बिजावा, नरेंद्र दहिया व सुरेंद्र राठी मनाना आदि मौजूद रहे।

फोटोः12 पीएनपी 3पी- पानीपत में

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता सर्वोपरि, गिरफ्तारी कानून का विवेकपूर्ण उपायः अंकित गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि कानून का मूल उद्देश्य समाज में व्यवस्था बनाए रखते हुए प्रत्येक नागरिक की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करना है। किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी एक गंभीर प्रक्रिया है, जिसे केवल आवश्यक परिस्थितियों में ही अपनाया जाना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्राप्त है। न्याय व्यवस्था का दायित्व है कि इस अधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पुराने कानून क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के धारा 41 तथा नए कानून बीएनएसएस 2023 की धारा 35 में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि गिरफ्तारी केवल तभी की जानी चाहिए जब जांच के हित में यह आवश्यक हो। इसी प्रकार पुराने कानून धारा 41अ तथा बीएनएसएस 2023 की धारा 39 के अनुसार कई परिस्थितियों में सीधे गिरफ्तारी करने के स्थान पर नोटिस जारी कर व्यक्ति को जांच में शामिल होने का अवसर दिया जाना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि कानून यह भी सुनिश्चित करता है कि गिरफ्तारी की स्थिति में व्यक्ति को कारण बताया जाए तथा उसे अपने परिजन को सूचना देने और अधिवक्ता से परामर्श लेने का अधिकार प्राप्त है। महिला की गिरफ्तारी के संबंध में भी विशेष सावधानियां निर्धारित की गई हैं, जिससे उसकी गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा मजबूत कानून वही है, जो व्यवस्था के साथ-साथ व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की भी रक्षा करे। कानून जानिए सीरीज के माध्यम से उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हैं, तब न्याय व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनती है।

### गुरुग्रामः हरियाणा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत पंचतत्व में विलीन

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोपीचंद गहलोत का रविवार को झाड़सा गांव में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक क्षेत्रों के हजारों लोगों ने शिरकत की।बता दें कि पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत का शनिवार शाम को अपने आवास पर निधन हो गया था। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे करीब चार साल से डायलिसिस पर चल रहे थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत अनेक नेताओं, सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन पर दुख प्रकट किया। रविवार को उनका अंतिम संस्कार झाड़सा गांव के श्मशान घाट में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से कामना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। गोपीचंद गहलोत वर्ष 2000 में गुडगांव विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लडकर विधायक बने थे। उनके सामने इनेलो ने अपना उम्मीदवार तक नहीं उतारा था।

### किसानों को जली हुई गेहूं की फसल का तुरंत 70 हजार रुपए मुआवजा दे प्रदेश सरकार-कुलदीप राठी

#### कुलदीप राठी व अन्य पदाधिकारियों ने गांव बुआना लाखु के खेतों का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 12 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** जिला के गांव बुआना लाखु में 9 अप्रैल को दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते गेहूं की फसल में आग लग गई थी और 15 किसानों की करीब 100 एकड गेहूं की फसल जल गई थी। वहीं इनेलो जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी, इसराना हलका अध्यक्ष राजेंद्र जागलान व अन्य पार्टी कार्यकताओं ने रविवार को गांव बुआना लाखु के खेतों का दौरा किया और पीडित किसानों से बातचीत की। कई किसानों ने बताया कि उनकी सारी गेहूं की फसल जल गई है और अब खाने के लिये भी गेहूं नहीं बचा है। कुलदीप राठी ने कहा कि जिन किसानों की गेहूं की फसल जली है, उनको सरकार द्वारा 70 हजार रुपए प्रति एकड मुआवजा दिया जाये ताकि किसानों की आर्थिक रूप से मदद हो सके और किसान अब आगे अपनी दूसरी फसल की बिजाई की तैयारी कर सके। इस दौरान कुलदीप राठी ने अपने मोबाईल से किसान कृष्ण मलिक की विडियो कॉल पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला से बातचीत करवाई, जिस पर अभय सिंह चौटाला ने किसानों को भरोसा दिया कि इनेलो किसानों के साथ खडी है और वे स्वयं मुआवजा दिलाने के लिये उपायुक्त पानीपत से फोन पर बात करेंगे। यदि फिर भी किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो हमारी पानीपत जिला की पूरी टीम डीसी से मिलकर समाधान कराने का काम करेगी। कुलदीप राठी ने बताया कि सोमवार को इसराना एसडीएम नवदीप सिंह नैन से मिलकर मांग लिखित में मुआवजा दिलाने की मांग करेंगे। इस अवसर पर महावीर नंबरदार, भूपेंद्र बांध, भूपेंद्र जागलान, जसपाल घणगस, एडवोकेट व सुनील मलिक आदि कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# CIA1 की टीम ने हेरोइन सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**अभियान**

- कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निदेर्शानुसार जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अपराध शाखा-1 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांजूपुर नहर पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शादीपुर निवासी इल्ताफ पुत्र नजर हसन के रूप में हुई है, जिसके कब्जे से 16 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की गई है।

इंचार्ज राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक नहर पुल के आसपास नशीले पदार्थ के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक जसबीर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसमें सुखदेव, मनीष, सुशील और जगतार शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू



किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाकर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 16 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार इसी मामले में पुलिस ने नशा तस्करी के एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि तीन दिन पहले उनकी टीम ने 113 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ मायापुरी निवासी शुभम उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वह नशीले पदार्थ उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी इखलाख से लेकर आता था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाही की और इखलाख को भी गिरफ्तार कर लिया।

# किसानों की मेहनत के फल का उत्सव है बैसाखी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : बैसाखी पर्व उत्तर भारत विशेषकर पंजाब और हरियाणा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला एक प्रमुख फसल उत्सव है। यह गेहूं के पकने की खुशी में किसानों द्वारा मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और लंगर का आयोजन होता है। लोग पारंपरिक पोशाक पहनकर भांगड़ा और गिद्दा जैसे लोक नृत्य करते हैं। वहीं धार्मिक महत्व के अनुसार पवित्र नदियों (जैसे गंगा) में स्नान का विशेष महत्व है, और कई स्थानों पर बैसाखी मेले आयोजित किए जाते हैं।

प्रसिद्ध ज्योतिषी राजेश के अनुसार पंचांग के तहत 14 अप्रैल की सुबह 09:38 बजे सूर्य गोचर करके मेष



राशि में आएंगे. इसी दिन बैसाखी मनाई जाएगी. बैसाखी के दिन पुण्य काल सुबह सूर्योदय 05:56 बजे से लेकर शाम 03:55 बजे तक रहेगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में बैसाखी को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे असम में 'बिहू', तमिलनाडु में 'पुथांडु' और केरल में 'विशु'।

**मिल-जुलकर रहना का संदेश देता है बैसाखी**

धर्म सिंह जोगनखेड़ा ने कहा कि बैसाखी का त्योहार समुदाय, कृतज्ञता और समृद्धि की खुशी का प्रतीक है. यह हमें मिल-जुलकर रहना, धन्यवाद देना और खुशियां बांटना सिखाता है।

सरपंच बलदेव सिंह ने कहा कि बैसाखी पर्व किसानों की मेहनत के फल का उत्सव है। उत्तर भारत के कृषि प्रधान होने के साथ-साथ, इस दिन का अपना एक धार्मिक और गौरवशाली इतिहास भी है। किसानों के लिए यह दिन किसी उत्सव से कम नहीं है। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार हो जाती है और किसान अच्छी फसल के लिए ईश्वर और प्रकृति का धन्यवाद करते हैं।

### सिरसाः अफीम समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की डबवाली यूनिट ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार कर चूरापोस्त व अफीम बरामद की है। डबवाली यूनिट इंचार्ज बनवारी लाल ने रविवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान गोबिंद व टहल सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव लोहगढ़ क्षेत्र में बाइक सवार दो युवक नशा बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक का थैला लेकर दो युवक आते दिखाई दिए।

# खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सम्मानित**

- बच्चों के स्वास्थ्य और अभ्यास के लिए चेयरमैन महेश खन्ना द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतिया, 12 अप्रैल** :नगर के स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव एकेडमी (बॉयज स्कूल) में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन कालू खन्ना जी रहे, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले वर्ग विजेता टीम उप-विजेता टीम अंडर-17 (लड़कियाँ) गाँव नाडोडी व रतिया टीम अंडर-17 (लड़के) रतिया टीम /असंग टीम



अंडर-12 (लड़कियाँ) असंग टीम / रतिया टीम अंडर-12 (लड़के) नाढोडी टीम / रतिया टीम सम्मान और पुरस्कार दिए गए प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए साहिल कंबोज और दीपक कंबोजको 'बेस्ट खिलाड़ी' चुना गया।

चेयरमैन प्रतिनिधि महेश खन्ना और जल विभाग फतेहाबाद से पधारे शर्मा चंद लाली ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और अभ्यास के लिए चेयरमैन महेश खन्ना द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी प्रदान की गई। खेल जगत और समाज की कई प्रमुख हस्तियों में कोच रघुवीर सिंह और सपना रानी (स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव एकेडमी) सहित खिलाड़ी शामिल थे मराठा क्रिकेटर टीम के कोच धर्मपाल (असंग), कबड्डी कोच सुनील और कोच रघुवीर सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी मास्टर धर्मवीर,हरि सिंह (हसंगा), धर्मवीर (हसंगा), रामनिवास, विजय चिलाना और सर्वजीत कौर ने भूमिका अदा की चेयरमैन महेश खन्ना ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं।

# सरकार ने डॉ. अंबेडकर के नाम से किया पंचतीर्थ का निर्माणः हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार गरीब का भला करने के लिए अंत्योदय की नीति से काम कर रही है। पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को आगे लेकर जाया जा रहा है। वर्तमान में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंच रहा है। मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार ने डा. बीआर अंबेडकर के नाम से पंचतीर्थ का निर्माण किया है। इन स्थानों पर जाकर देश के नागरिकों गर्व की अनुभूति हो रही है। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने बच्चों को परिश्रम व मेहनत के लिए जागरूक करें।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण रविवार को वाल्मीकि धर्मशाला में आयोजित डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि धर्मशाला में तैयार की गई डा. भीम राव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा का निर्माण विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने अपने पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद की याद में करवाया है। स्व. राजेंद्र प्रसाद प्रदेश में वाल्मीकि समाज के पहले जज वर्ष 1980 में बने थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और



कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि सभा को 11-11 लाख रुपए सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि ये वाल्मीकि आश्रम नहीं, बल्कि बड़े-बड़े संतों की तपोभूमि है। उनके तपों और भविष्य की सोच के परिणाम स्वरूप ही यहां पर छात्रावास चलता आ रहा है। छात्रावास में काम पढकर यहां से आईएएस अधिकारी, मंत्री और अनेक नागरिकों ने सरकारी नौकरी हासिल की है। उन्होंने कहा कि किस कालखंड में क्या घटित हुआ, उसको हमें याद रखना चाहिए। इसके साथ ही बुजुर्गों द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद भी रखना चाहिए। हमारी दृष्टि भविष्य पर रखनी चाहिए। हमें अपने बच्चों के बेहतर व उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हर कालखंड में हर समय अच्छाई और बुराई साथ-साथ चली है।

इसमें प्रदेशभर से सभी समाज से नागरिक हिस्सा लेंगे। महंत रतन दास, वाल्मीकि सभा के प्रधान जागीर सिंह, जाट सभा के प्रधान कृष्ण श्योकंद, राजकुमार सैनी, रमेश पानीपत, जसवंत घाघट, ऋषिपाल बेदी, यशपाल नंबर, मा. लालचंद, सुशील वैद्य, एडवोकेट सुभाष बुम्बक, मलकीत ढांडा, श्याम लाल जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अमेरिका में गोली मारकर युवक की हत्या, गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंद्री 12 अप्रैल (मैनपाल कश्यप )** गांव समोरा के 21 वर्षीय युवक चेतक शर्मा उर्प लाखा की अमेरिका में गोली मारकर हत्या किए जाने की दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। रविवार को जब युवक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हर आंख नम हो गई। गमगीन माहौल के बीच पूरे रीति-रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, चेतक शर्मा करीब दो साल पहले बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका गया था। 27 मार्च 2026 को



अज्ञात हमलावरों ने उस पर अचानक फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही गांव समोरा पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार सुबह करीब 9 बजे चेतक शर्मा उर्प लाखा का पार्थिव शरीर गांव लाया गया। अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीणों और आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई नम आंखों से अपने होनहार बेटे को अंतिम विदाई देने पहुंचा।

# सनपेड़ा सब खरीद केंद्र में गेट पास की समस्या, सूचना पर पहुंचे किसान नेता व मार्केट कमेटी सचिव, किया समाधान

**नापतोल**

नापतोल के दौरान डिजिटल काटो का प्रयोग करें अन्यथा करवाएंगे करवाई : मालिक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । सनपेड़ा गांव में अनाज मंडी के सब खरीद केंद्र पर गेट पास की समस्या की सूचना के बाद रविवार को मार्केट कमेटी सचिव किसान यूनियन नेता जय भगवान मालिक की सूचना के बाद उन्हें मौके पर लेकर गन्नौर से अन्य कर्मचारियों को लेकर पहुंचे और गेट पास में आ रही दिक्कत को दूर करवाया। किसान नेता जय भगवान मालिक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी की संपदा सब खरीद के अंदर में गेट पास काटने में दिक्कत आ रही है उसकी सूचना मिलने के बाद में गन्नौर अनाज मंडी पहुंचे और मार्केट कमेटी के सचिव शिवकुमार उनके साथ अन्य कर्मचारियों को लेकर पहुंचे और गेट पास में आ रही दिक्कत को दूर करवाया। उसके बाद गेहूं लेकर आए किसान अनाज मंडी में अंदर पहुंचे और उनकी समस्या का समाधान हुआ।

किसान नेता जय भगवान मालिक ने अन्य किसानों के साथ सब खरीद के अंदर का निरीक्षण किया तो पाया कि सब खरीद के अंदर में किसानों को मंडी की चार दिवारी ना होने के कारण दिक्कत आ रही थी। उन्होंने सरकार से सब खरीद केंद्र में चारदीवारी करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि मंडी में उसे दौरा माप तोल के लिए मंडी में दो ही कांटे लगे हुए थे। जिसमें डिजिटल काटो का प्रयोग किया जा रहा था। जय भगवान मालिक ने कहा कि उनकी मंडी के सभी आड़तियों से अपील है कि सरकार द्वारा सभी को डिजिटल कांटों के प्रयोग के लिए आदेश दिए गए हैं। उसके बाद भी कुछ माप तोल में सरकार के नियमों का पालन न करते हुए डिजिटल कांटों का प्रयोग नहीं कर रहे।
उन्होंने कहा कि ऐसा न करने पर किसान यूनियन उनका विरोध कर अधिकारियों से करवाई जाकरवाएगी। मार्केट कमेटी सचिव शिवकुमार ने बताया कि गेट पास की दिक्कत की सूचना मिलते हैं समाधान करवा दिया गया था । उनका प्रयास है कि सीजन के दौरान किसानों को कोई दिक्कत ना आए ।
------------------

# सही मार्गदर्शन व समय पर लिया गया निर्णय ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता : डॉ. मोहित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । रेलवे रोड स्थित एसआरके स्किल सेंटर में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने अपने भविष्य को लेकर जानकारी हासिल की। कैरियर मार्गदर्शक डॉ. मोहित बंसल ने छात्रों को जागरूक किया। केंद्र के संचालक जोगेंद्र ने डॉ. बंसल को पुस्तक भेंट कर स्वागत करने के साथ किया गया। डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम के छात्रों के लिए उपलब्ध कोर्सेज, उनके भविष्य के अवसरों और सही दिशा में चयन करने के




महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और समय पर लिया गया निर्णय ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। उनकी प्रेरणादायक बातों से विद्यार्थियों में त्मविश्वास और जागरूकता का संचार हुआ। केंद्र संचालक जोगेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति के बारे में समझाते हुए बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के करियर चयन में बेहद उपयोगी साबित होते है।
स्टाफ सदस्य अंजलि, खुशी, लतिक्षा, विशाखा और पूजा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### घर से बर्तन व नकदी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर** । थाना गन्नौर पुलिस ने घर से बर्तन व नकदी चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सोनू निवासी प्रधान मोहल्ला गन्नौर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल को एक महिला ने शिकायत दी थी कि 2 अप्रैल को उसके घर से दो बड़े पतीले, अन्य बर्तन व 16 हजार300 रुपये चोरी हो गए। शिकायत में उसने सोनू पर शक जताया था। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी हुए बर्तन बरामद किए। आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बारदाने की कमी, खरीद व उठान में लापरवाही मिली तो खरीद एजेंसी पर दर्ज होगा केस-एसडीएम, नवदीप नैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 12 अप्रैल।** एसडीएम नवदीप नैन ने रविवार को इसराना व मतलौडा मंडी में दौरा कर खरीद एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर मंडी में खरीद, उठान व बारदाने में कोई कोताही पाई गई तो एजेंसी पर ही मामला दर्ज होगा। मंडियों में किसी भी तरह की कोताही सहन नहीं की जाएगी। एसडीएम नवदीप नैन रविवार को एक्शन मोड में नजर आए। एसडीएम नैन ने कहा कि इसराना मंडी में काम सुचारू रूप से चल रहा है, यहां कोई दिक्कत नहीं है। लिफ्टिंग में भी तेजी लाई जा रही है। अधिकारियों की मंडियो पर निगरानी बनी हुई है और किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे भ्रम फैलाने वालों से सावधान रहे। सरकार द्वारा चलाई गई ई खरीद सही चली हुई है। उन्होंने किसानों से अपील की अगर कोई दिक्कत होती है तो किसान सीधा उन्हें फोन पर बताएं, उसका तुरंत समाधान होगा। उन्होंने किसानों को अपना नंबर जारी किया।
एसडीएम नैन ने मंडियों में इलेक्ट्रॉनिक कांटे भी चैक किए और किसानों व आढ़तियों से भी बातचीत की। उन्होंने बताया इसराना मंडी में रविवार शाम तक 2,32659 की क्विंटल की आवक हुई है। जिसमें से एजेंसियों द्वारा 49438 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। इसराना मंडी से करीब 15 हजार क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है, जो संतोषजनक है। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव पवन कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर मील का पत्थर साबित होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026-रेणु भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 12 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में रविवार को हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि महिला सुंदर श्रृष्टि के संचालन का आधार है और मां से बड़ा सम्मान ओर किसी व्यक्ति को नहीं दिया जाता, लेकिन पश्चमी संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण अभी भी महिलाओं के साथ अनहोनी घटना घट जाती है। इसके लिये महिलाओं का शिक्षित और साहसी बनना जरूरी है। महिलाओं का सशक्तिकरण करने के लिए नारी वंदन अधिनियम 2026 बनाया है, इसके लिए वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला समाज की ओर से आभार व्यक्त करती है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट, पूर्व पार्षद आशु नंदा, ईश कुमार राणा, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, सह मीडिया प्रभारी तरुण पसरीजा, रोहित शर्मा व सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सैन मौजूद रहे।

# हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए: साक्षी खुराना

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 12 अप्रैल (विजय कौशिक)** डॉ बी आर अंबेडकर सेवा संस्था रजि लाडवा द्वारा विश्व ज्ञान दिवस सामाजिक क्रांति के अग्रदूत राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले के 199 वें ज्ञान के प्रतीक विश्व रतन भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 135 वें जन्मोत्सव पर एक शाम महापुरुषों के नाम कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नंबर 10 हिनोरी चौक गुरू रविदास मंदिर पर किया गया। मंच का संचालन राजेंद्र कटारिया ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका की चेयरमैन श्रीमती साक्षी खुराना ने शिरकत की और बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए और सभी महापुरुषों का मान सम्मान करना चाहिए डॉक्टर अंबेडकर जी ने 14 अप्रैल 1891 को जन्म लिया और भारत का सबसे सुंदर संविधान लिखा। बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी ने हम सबको एक समान जीने का अधिकार दिया। मिशनरी गायक बी एस जुंडला ने बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। बीआर अंबेडकर संस्था द्वारा अध्यक्ष नगर पालिका साक्षी खुराना समाजसेवक राजेश कुमार वीएस जुंडला सहित सभी मुख्य अतिथियों का बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी का चित्र व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था के प्रधान रमेश चंद चालिया, जागीर सिंह, बलवंत राय, कमल कटारिया, राजू कटारिया, ईमना कुमार कटारिया, रवि कटारिया, प्रदीप कुमार, कपिल कुमार, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार, उषा रानी, संतोष रानी, रोशनी, सुमन रानी, सुनहरी देवी, राम प्यारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# भारतीय योग संस्थान का 60वां स्थापना दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । भारतीय योग संस्थान द्वारा रविवार को 60वां स्थापना दिवस विभिन्न केंद्रों पर उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के लहरी सिंह पार्क, सिटी पार्क गांधी नगर, लायंस क्लब पार्क, हैप्पी चाइल्ड स्कूल सहित छह केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला प्रधान मास्टर ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान योग आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया गया, जिसमें करीब 150 साधकों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया गया और आम नागरिकों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने करो योग रहो निरोग का संदेश देते हुए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले समारोह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचने से हुआ सफल आयोजन: नैब

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 12 अप्रैल (विजय कौशिक)** : महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह एवं सावित्री बाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिलान्यास कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। सैनी शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष नायब सिंह पटाक माजरा ने इस भव्य आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। नैब सिंह पटाकमाजरा ने बाबैन अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस समारोह में भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सैनी समाज सभा को 51 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और सांसद नवीन जिंदल ने भी सैनी समाज सभा को 11-11 लाख रुपए देने का संदेश भेजा। सैनी शिक्षा समिति की ओर से मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद और पूर्व विधायकों का आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा नेता ने गेहूं की खरीद प्रक्रिया जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । रविवार को गन्नौर अनाज मंडी का विधानसभा पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने दौरा कर किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। किसानों व व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए कौशिक ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को गेहूं की खरीद प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की



परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है। कौशिक ने गन्नौर तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार और बिना एनओसी हो रही रजिस्ट्रियों पर कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी के संज्ञान में यह मामला ला दिया है, जल्द ही भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विद्या भूषण हसीजा, गौरव शेखर जैन, महाबीर चिरस्मी, मनीष बसंल मौजूद रहे।

# अमेरिका में गोली मारकर युवक की हत्या

**इंद्री /टीम एक्शन इंडिया**
इंद्री क्षेत्र के गांव समोरा के 21 वर्षीय युवक चेतक शर्मा उर्प लाखा की अमेरिका में गोली मारकर हत्या किए जाने की दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। रविवार को जब युवक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो हर आंख नम हो गई। गमगीन माहौल के बीच पूरे रीति-रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, चेतक शर्मा करीब दो साल पहले बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका गया था। 27 मार्च 2026 को अज्ञात हमलावरों ने उस पर अचानक फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# भाविप ने दायित्व ग्रहण समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 12 अप्रैल (विजय कौशिक)** भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा लाडवा रादौर मार्ग पर एक निजी होटल में संवत 2083 का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।
इस समारोह में भारतीय जनता पार्टी जिला सचिव नरेंद्र सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद् के प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता द्वारा की गई।
परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। शाखा सचिव संजीव मंगला द्वारा गत वर्ष के कार्यों की रिपोर्ट



प्रस्तुत की गई। अमन गोयल ने गत वर्ष के कार्यों में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया एवं आश्वासन दिया कि आगे जहां भी कहीं आवश्यकता हो वह हर समय संस्था के लिए हरदम तत्पर है। परिषद के कार्यों को देखते हुए प्रांत की ओर से शाखा लाडवा की टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।
प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल ने संवत 2083 के लिए नई टीम के तौर पर अध्यक्ष राजीव आर्य, सचिव संजीव मंगला, वित्त सचिव रूमीत गर्ग को दायित्व ग्रहण कराया। इसके अलावा महिला सहभागिता प्रमुख प्रियंका गोयल, संस्कार गतिविधि संयोजक बालकिशन सैनी, सेवा संयोजक नवनीत सिंघल, संपर्क संयोजक हेमंत सैनी एवं पर्यावरण संयोजक शिवानी गर्ग को दायित्व प्रदान किया गया। राजीव आर्य ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य मिलजुल कर संस्था के लिए कार्य करेंगे और संस्था को नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।मुख्यातिथि नरेंद्र सिंघल ने अपने संबोधन में परिषद के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा आश्वासन दिया कि संस्था को जहां भी जरूरत है वह हर समय साथ देने के लिए तैयार हैं। प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने लाडवा शाखा द्वारा किए जा रहे प्रकल्पों की प्रशंसा की तथा परिषद की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा समाजसेवी विजेंदर गोयल, नगरपालिका अध्यक्षा साक्षी खुराना, डॉ परम शिव गौड़ एवं भारत विकास परिषद्शाखा लाडवा के सदस्य उपस्थित थे।

# बड़ी गांव में 5 एकड़ गेहूं की फसल में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**: बड़ी गांव में खेतों में रविवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि करीब किसान की लगभग 5 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। हसनपुर गांव के रहने वाले राजकुमार ने बड़ी गांव में करीब 15 एकड़ जमीन दामों पर ले रखी थी। उसने गेहूं की फसल लगाई थी, लेकिन रविवार को उसकी फसल में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू



किया गया। वहीं ग्रामीणों ने भी ट्रैक्टर चलाकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के प्रयास से करीब 10 एकड़ गेहूं की फसल को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। सूचना के बाद किसान नेता जयभगवान मलिक मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारण खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तारों से निकली चिंगारी बताई जा रही है। जयभगवान मलिक ने प्रभावित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# हमारा अधिकार कर्म करने में है फल देना परमात्मा के हाथ में है : सुश्री देवी सुदीक्षा जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 12 अप्रैल (विजय कौशिक)** : भगवान श्री परशुराम जी के अवतरण दिवस के अवसर पर ब्राह्मण धर्मशाला में चल रही श्री राम कथा में सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती जी के मुखारविंद से आज कथा के पांचवें दिन व विश्राम दिवस पर श्री रामचरितमानस की व्याख्या करते हुए कहा गया कि श्री रामचरितमानस के चार वक्ता हैं,चार ही श्रोता है और चार ही घाट हैं। सबसे पहले वक्ता भूतभावन भगवान श्री भोलेनाथ जी हैं, और वह शक्ति स्वरूपा मां पार्वती जी को रामचरितमानस की कथा ज्ञान घाट पर बैठकर सुना रहे हैं । भगवान भोलेनाथ ज्ञान के



भंडार , माता पार्वती स्वयं जगत जननी हैं दोनों की चर्चा संसार का कल्याण करने वाली है। भगवान शंकर कह रहे हैं यह संसार सत्य है और केवल भगवान का भजन ही सत्य है। संसार की नश्वर वस्तुओं को प्राप्त करने की अपेक्षा मन लगाकर भगवान का भजन करना चाहिए।
उमा कहहूं मैं अनुभव अपना, सत हरि भजन जगत सब सपना।।
दूसरे वक्ता लोमस ऋषि के शिष्य भक्त शिरोमणि काकभुशुण्डि जी हैं और श्रोता भगवान विष्णु के वाहन पक्षियों में सम्राट स्वयं गरुड़ भगवान जी हैं, वह दोनों भक्ति घाट पर बैठकर रामचरितमानस की पुण्य पवित्र चर्चा कर रहे हैं काकभुशुण्डि जी भक्ति के पर्याय हैं । भक्त जनों में उनका स्थान सर्वोपरि है। काकभुशुण्डि जी कहते हैं कि मेरा मन मछली के समान है और भगवान की भक्ति रूपी जल में वह हमेशा रहना चाहता है जिस प्रकार जल से मछली अलग नहीं हो सकती इसी प्रकार मेरा मन भी प्रभु आपसे विरत ना हो विरक्त ना हो।
तीसरे वक्ता ऋषि याज्ञवल्यक जी - मुनी भारद्वाज जी को मानस की रसमयी कथा त्रिवेणी घाट पर जिसका नाम कर्म घाट भी है कर रहे हैं। मुनी भारद्वाज और याज्ञवल्क्य जी दोनों ही त्रिकालदर्शी हैं । उन्होंने कर्म प्रधानता पर जोर दिया है।
भगवान श्री कृष्ण ने भी कहा है कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन
हमारा अधिकार कर्म करने में है फल देना परमात्मा के हाथ में है। महर्षि याज्ञवल्क्य जी कहते हैं कि सूर्य कर्म का साक्षी है अर्थात कर्म का प्रतीक है। हमारे द्वारा किए गए प्रत्येक कर्म को सूर्य भगवान देख रहे हैं। हमारे करने योग्य कार्य "भक्ति ,संतों की सेवा, उनकी आज्ञा का पालन करना, माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन करना, सत्य बोलना यह हमें करने चाहिए और झूठ ना बोलना,माप-तोल सही हो , किसी को धोखा मत दो, किसी की आंखों में धूल मत झोंकों, विश्वास घात न करो " यह न करने योग्य कर्म हैं। तीनों ही महान श्रोता और तीनों ही महानतम वक्ता पतित पावनी रसमयी अमृतमयी श्री राम कथा का गुणगान कर रहे हैं और चौथे वक्ता स्वामी तुलसीदास जी स्वयं है और उनके श्रोता स्वयं उनका अपना मन और आज का समस्त समाज और मानव जाति है।चार घाटों पर बैठकर भगवान श्री राम की चर्चा कर संपूर्ण रामचरितमानस के सातों कांडों में इन वक्ताओं के द्वारा महर्षि तुलसीदास जी के मन के अनुसार कथा कही गई है ।

# सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर घर-घर पहुंची भाजपा : बिजेंद्र लोहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी)**: भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ह्लगांव चलोझ्रबस्ती चलोह्व अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी क्रम में जिला हांसी के नारनौद के वार्ड नंबर 4 में भाजपा जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक बिजेंद्र लोहान के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान



चलाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा अन्य राजनीतिक दलों से अलग है और पार्टी निरंतर जनसेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है।
उन्होंने कहा कि ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व भाजपा की कार्यशैली का मूल मंत्र है, जिसे कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर साकार कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 13 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पश्चिम बंगाल में परिवर्तन तय: योगी आदित्यनाथ

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा

**प्रचार**

□ सोनामुखी से दिवाकर घरामी और नंदकुमार से निर्मल खाड़ा के समर्थन में प्रचार किया





**टीम एक्शन इंडिया**
**बांकुड़ा/पूर्व मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य के बांकुड़ा और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए जनता से सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया। योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी और नंदकुमार विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित रैलियों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों, सोनामुखी से दिवाकर घरामी और नंदकुमार से निर्मल खाड़ा के समर्थन में प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब विकास, सुरक्षा और सुशासन के लिए बदलाव चाहती है। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य की जनता तुष्टीकरण की राजनीति को नकार चुकी है और अब विश्वास, सुरक्षा तथा समग्र विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि ह्लराष्ट्रवाद की भूमिह्व पश्चिम बंगाल में अब ह्यखेलाह्न की राजनीति समाप्त होगी और विकास की नई शुरूआत होगी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की ह्लडबल इंजनह्व सरकार ही कर सकती है। सोनामुखी में जनसमर्थन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता का उत्साह इस बात का संकेत है कि राज्य में ह्लकमलह्व खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि लोग ऐसी सरकार चाहते हैं, जो आस्था, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दे। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वहां ह्लन कर्फ्यू, न दंगाह्व की स्थिति है और माफिया व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जहां भी होती है, वहां कानून-व्यवस्था मजबूत होती है और विकास के नए अवसर पैदा होते हैं। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हाल ही में एक दलित हिंदू की हत्या का मुद्दा उठाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा।
उन्होंने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर राज्य सरकार की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाषा और संस्कृति के नाम पर कठोर राजनीति नहीं चलने दी जाएगी और देशद्रोही ताकतों के मंसूबों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बंगाल की जनता अब चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और अराजकता का केंद्र बन गया है, लेकिन अब जनता परिवर्तन के लिए तैयार है और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा।

## सीएनजी पंप के पास मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**नोएडा।** नोएडा के थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के सीएनजी पंप के पास एक अज्ञात वृद्ध का शव रविवार को मिला है। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ईकोटेक 3 थाना के प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज थाना पुलिस को सूचना मिली कि सीएनजी पंप के पास एक 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक श्याम मोहन मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।



उपराष्ट्रपति ने यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत को किया सम्मानित।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की मुलाकात

**भावनात्मक**

□ डॉ. अंसारी ने इस भेंट को छोटे भाई द्वारा बड़े भाई से की गई आत्मीय और भावनात्मक मुलाकात बताया



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मुलाकात की। इस दौरान डॉ. अंसारी ने इस भेंट को औपचारिक नहीं बल्कि छोटे भाई द्वारा बड़े भाई से की गई आत्मीय और भावनात्मक मुलाकात बताया। मुलाकात के दौरान राज्य में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं, जनकल्याणकारी पहलों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने झारखंड के समग्र विकास, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और आम जनता तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस संबंध में डॉ. अंसारी ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग अफवाहें फैलाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी विचारधारा और लक्ष्य पूरी तरह एक हैं। डॉ. अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी और हेमंत सोरेन दोनों ही जनहित, न्याय और विकास के मार्ग पर अग्रसर नेता हैं, जो एक-दूसरे के पूरक हैं और देश व प्रदेश को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह केंद्रित है और किसी भी तरह की भ्रामक खबरों से प्रभावित हुए बिना विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाया जाएगा।

## पत्रकार समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं: डॉ. हिमांशु

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी पत्रकार संघ की पहल पर रविवार को गोलघर स्थित पराड़कर स्मृति भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से लगाए गए इस चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में काशी पत्रकार संघ एवं उससे संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के सदस्यों और उनके परिजनों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, विशेषकर पत्रकारिता जैसे जिम्मेदार पेशे में, लोग अक्सर दूसरों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। शिविर में मेदांता के डॉक्टर हिमांशु पांडेय ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं, लेकिन खबरों की दौड़ में वे अपने स्वास्थ्य को पीछे छोड़ देते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच न केवल बीमारियों का समय रहते पता लगाने में मदद करती है।

# रन फॉर अवेयरनेस रैली को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिखाई हरी झंडी

**संकल्प**

□ आज की यह दौड़ एक स्वस्थ, समृद्ध और नशे से मुक्त उत्तराखंड के संकल्प की दौड़ है: सीएम




**टीम एक्शन इंडिया**
**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हल्द्वानी में नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत आयोजित 'रन फॉर अवेयरनेस' रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। एमबी इंटर कॉलेज मैदान से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज की यह दौड़ मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और नशे से मुक्त उत्तराखंड के संकल्प की दौड़ है। जब आप सभी यहां से कदम आगे बढ़ाएंगे, तो यह संदेश पूरे प्रदेश में जाना चाहिए कि उत्तराखंड का युवा अब नशे को 'ना' कह रहा है और जीवन को 'हाँ' कह रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा एक 'साइलेंट वार' की तरह फैल रहा है और इसका सबसे बड़ा निशाना हमारी युवा शक्ति है। मजाक-मजाक में युवा नशे की चपेट में आ जाते हैं और वहां से लौटना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को संकट में डाल देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2020 में शुरू किए गए नशा मुक्त भारत अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार इस दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही है। वर्ष 2022 में गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हजारों आरोपियों की गिरफ्तारी और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। साथ ही एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) केंद्रों का संचालन किया जा रहा है और सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी एटीएफ केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए दगड़िया क्लब बनाए गए हैं, जो युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून बनाने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज की जागरूकता और युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। हम सभी संकल्प लें कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने मित्रों व समाज को भी जागरूक करेंगे। औपचारिकता से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से ही हम ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और ऊर्जावान युवा शक्ति के लिए जाना जाता है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव : एआई वीडियो विवाद पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पलटवार



**टीम एक्शन इंडिया**
**बांकुड़ा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वीडियो विवाद ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को बांकुड़ा के ओंदा में आयोजित चुनावी सभा में बिना नाम लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया था कि 2026 के विधानसभा चुनाव में संभावित हार को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस ने एआई की मदद से फर्जी वीडियो तैयार किया है। इस आरोप पर पलटवार करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जिस व्यक्ति का वीडियो बताया जा रहा है, वह खुद उसकी सत्यता स्वीकार कर रहा है, जबकि कुछ लोग उसे एआई से बना बता रहे हैं। हालांकि, उन्होंने सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन यह विवाद हुमायूं कबीर से जुड़े वीडियो को लेकर है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए बड़े स्तर पर साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हिंदुओं को और दूसरी तरफ मुसलमानों को भ्रमित किया जा रहा है। वास्तव में यह विवाद पिछले गुरुवार से शुरू हुआ, जब तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूं कबीर और भाजपा के बीच कथित ह्यगुप्त समझौतेह्न का आरोप लगाते हुए 19 मिनट का एक वीडियो जारी किया। पार्टी का दावा था कि वीडियो में कबीर भाजपा से 1000 करोड़ रुपये की मांग करते दिखाई दे रहे हैं।

# कोडीनयुक्त सिरप की आपूर्ति करने में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**काबू**

□ 'कोडीनयुक्त कफ सिरप की बड़ी खेप प्राप्त कर उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट करते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने रविवार को बांग्लादेश सीमा पर अगरतला व त्रिपुरा तक कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी करने के मामले में प्रयागराज से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रिश्ते में दोनों पिता-पुत्र हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार ने रविवार को बताया थाना रॉबर्ट्सगंज में कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में मुकदमा दर्ज हैं। इसकी जांच पुलिस की एसआईटी कर रही है। जांच के आधार पर रविवार को प्रयागराज के उदितगंज निवासी संस्कार वर्मा और उसके पिता विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। ये लोग मुख्य आरोपित ड्रग माफिया शुभम जायसवाल और भोला प्रसाद जायसवाल के करीबी हैं। एएसपी ने बताया कि एसआईटी को जांच के दौरान पता चला था कि आरोपित दिल्ली स्थित 'वान्या इंटरप्राइजेज' के माध्यम से कोडीनयुक्त कफ सिरप की बड़ी खेप प्राप्त कर उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट करते हैं। कोई उन पर शक न करे, इसलिए कफ सिरप को नमकीन, चिप्स के इनवॉइस पर कंटेनरों में छिपाकर बांग्लादेश सीमा अगरतल्ला, त्रिपुरा की ओर भेजा जा रहा था। यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होकर नशाखोरी के लिए कोडीन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति कर रहा था।

# संपत्ति विवाद में सरकारी शिक्षिका व कैंसर पीड़ित मां पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**किशनगंज।** शहर के दिलावरगंज वार्ड नंबर 10 में संपत्ति विवाद को लेकर एक सरकारी शिक्षिका और उनकी कैंसर पीड़ित मां पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शिक्षिका के भाई और बहन ने मिलकर बीमार मां का गला दबाकर जान लेने की कोशिश की तथा शिक्षिका के साथ भी मारपीट की।
पुलिस के समय पर पहुंचने से मां-बेटी की जान बच सकी। पीड़िता सरकारी शिक्षिका दर्शना कुमारी ने बताया कि उनके पिता स्व. विनय कुमार दास के नाम पर घर, जमीन और बैंक खाते हैं। उनकी मां कैंसर से पीड़ित हैं और उनकी देखभाल वही करती हैं।

# मीरजापुर में नरायनघाट पंप कैनाल पर कटाव निरोधक परियोजना का शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर जिगना क्षेत्र के बीजर कला ग्राम में रविवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग (सोन संगठन, वाराणसी) की ओर से नरायनघाट पंप कैनाल पर कटाव निरोधक परियोजना का शिलान्यास सदर विधायक रत्नाकर मिश्र ने नारियल फोड़कर किया।
इस अवसर पर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि गंगा के मुहाने पर स्थित पंप कैनाल एवं आसपास की बस्तियों को कटाव से सुरक्षित रखने के लिए यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के पूरा होने से क्षेत्र की एक बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होगी। बाढ़ के दौरान हर वर्ष होने वाले कटाव के कारण मांझी बस्ती के कई घर गंगा में समाहित होने के कगार पर पहुंच जाते थे, जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता था। परियोजना के संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ उमेश द्विवेदी ने बताया कि लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से कटाव रोधी कार्य कराया जाएगा।

## सीवान में अपराध समीक्षा बैठक: सख्त निर्देश, तेज होगी कार्रवाई

**सीवान।** एसपी पुरन कुमार झा द्वारा माह मार्च 2026 की अपराध गोष्ठी का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी में जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए। बैठक में हत्या, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों के त्वरित निष्पादन और आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने पर जोर दिया गया।

